सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

सांध्य दैनिक

श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

BATTERY ZONE
Mob. 9109013555
Distributors for: TATA green batteries
सभी कंपनी की बैटरी उपलब्ध है
MICROTEK TECHNOLOGY WE LIVE
Opp. Majar, G.E. Road, Shastri Nagar, Bhilai (C.G.)

वर्ष- 16 अंक - 31 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 14 नवंबर 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव : आधे वोटर्स ही पहुंचे बूथ तक

कम वोटिंग ने बढ़ाई चिंता, अब 23 नवंबर का इंतजार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। झारखंड विधानसभा की 43 सीटों पर प्रथम चरण के मतदान के साथ देशभर की 31 विधानसभा व 1 लोकसभा क्षेत्र में बुधवार को मतदान हुआ। इसमें रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट भी शामिल है। भाजपा के धाकड़ नेता बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद खाली हुई इस सीट पर भाजपा व कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी। हालांकि मतदान के दिन क्षेत्र के आधे वोटर्स की मतदान केन्द्रों तक पहुंचे। कम वोटिंग ने भाजपा व कांग्रेस दोनों की चिंता बढ़ा दी है। इसके बाद भी दोनों दल अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बुधवार को रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान किया गया। यहां भाजपा के सुनील सोनी व कांग्रेस के आकाश शर्मा के बीच सीधा मुकाबला था। बूथों के बाहर सुबह के समय मतदाताओं की लाइनें देखने को मिलीं लेकिन दोपहर के बाद लोगों का उत्साह नजर नहीं आया। मतदान करने का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक था। जिला प्रशासन से लेकर निर्वाचन आयोग तक ने लोगों ने मतदान की अपील की लेकिन अपेक्षाकृत वोटिंग नहीं हुई। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार रायपुर दक्षिण में मात्र 50.50 प्रतिशत ही वोटिंग हुई। यानी मतदान को लेकर वोटर्स में उत्साह कम दिखा। अब 23 नवंबर का इंतजार है जब उपचुनाव के परिणाम सामने आएंगे।

सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे हुई वोटिंग, 50.50 फीसदी हुआ मतदान

कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधा मुकाबला

रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में सीधा मुकाबला भाजपा व कांग्रेस बीच था। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बनाया तो वहीं रायपुर से सांसद रह चुके सुनील सोनी भाजपा के प्रत्याशी हैं। रायपुर दक्षिण को भाजपा का अभेद किला कहा जाता है। यहां से बृजमोहन अग्रवाल आठ बार के विधायक रह चुके हैं। वर्तमान में बृजमोहन अग्रवाल रायपुर के सांसद हैं। रिकार्ड को देखते हुए भाजपा यहां से जीत का दावा कर रही है। वहीं कांग्रेस के आकाश शर्मा भी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी इतने वर्षों में किए गए विकास को अपनी जीत का आधार बता रहें है तो कांग्रेस प्रत्याशी इस बार रायपुर दक्षिण में परिवर्तन की बात कर रहे हैं।

एक साल में 12 फीसदी वोटिंग का अंतर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में एक साल के भीतर वोटिंग में 12 फीसदी की कमी आई है। एक साल पहले 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के दौरान रायपुर दक्षिण में 61.73 फीसदी वोट पड़े थे। विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल एक लाख नौ हजार 263 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी महंत रामसुंदर दास को 41 हजार 544 वोट मिले थे। इस सीट से बृजामोहन अग्रवाल ने कुल 67 हजार 719 वोटों से रिकार्ड जीत दर्ज की थी। हालांकि इस बार वोटर्स का उत्साह कम रहा और कुल 2.71 लाख में से 1.36 लाख वोटर्स ही बूथ तक पहुंचे। इस तरह कुल 50.50 प्रतिशत वोटिंग हुई। इस तरह रायपुर दक्षिण में एक साल पहले की अपेक्षा लगभग 12 फीसदी वोटिंग में कमी आई।

सीएम साय ने कहा: भाजपा की होगी जीत

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि रायपुर दक्षिण में भाजपा की जीत होगी। एक दिन पहले उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी और रायपुर दक्षिण में भी भाजपा प्रत्याशी सुनील जीत दर्ज करेंगे। बता दें सीएम साय ने प्रचार के अंतिम दिन रायपुर दक्षिण में रोड शो किया था। जय स्तंभ चौक से कटोरा तालाब तक उन्होंने रोड शो कर लोगों से वोटिंग की अपील की थी। सीएम साय के रोड शो में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के साथ पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी शामिल रहे।

सोने चांदी आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
मो.- 9301555240
संतोष ज्वेलर्स
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई (छ.ग.)

खास-खबर

तेज रफ्तार एंबुलेंस ट्रक से टकराई, हादसे में डॉक्टर और ड्रेसर की हुई मौत, छह लोग घायल

जगदलपुर। जगदलपुर में कोड़ेनार थाना क्षेत्र के किलेपाल के पास गुरुवार की सुबह एक मरीज को लेकर जगदलपुर आ रही एम्बुलेंस ट्रक के पीछे जा टकराई। इस हादसे में डॉक्टर और ड्रेसर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक व मरीज समेत छह लोग घायल हो गए। घटना के तत्काल बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पीएम के लिए मेकाज भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक किरंदुल परियोजना अस्पताल से एक मरीज को मेकाज के लिए रेफर किया गया, मरीज को लेकर अस्पताल के डॉक्टर मनोज पाण्डे व ड्रेसर राजकुमार एम्बुलेंस में सवार होकर जगदलपुर के लिए निकले। गुरुवार की सुबह पांच बजे के लगभग जैसे ही एम्बुलेंस किलेपाल के पास पहुँची, अचानक से सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में डॉक्टर मनोज पांडेय व ड्रेसर राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एम्बुलेंस में सवार मरीज के परिजन के साथ ही चालक घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही कोड़ेनार पुलिस मौके पर पहुँच शवों को मेकाज भिजवाया, वही घायलों को दूसरी एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए मेकाज भेजा गया।

स्कूटर में मिले डेढ़ करोड़ रुपए

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में पुलिस ने एक स्कूटर सवार के पास से डेढ़ करोड़ रुपये जब्त किए जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है। राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होना है और इस धन से चुनाव प्रभावित किए जाने की आशंका है।

तहसील पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यशोधरा नगर निवासी इस व्यक्ति को बुधवार रात सेंट्रल एवेन्यू इलाके में नियमित जांच के दौरान रोका गया। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों को स्कूटर की डिक्की में छिपा कर रखे गए 1.35 करोड़ रुपये तथा व्यक्ति के पास मौजूद बैग में 15 लाख रुपये मिले।अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान व्यक्ति के अस्पष्ट जवाबों से संदेह और बढ़ गया। उन्होंने बताया कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह धन राशि चुनाव में किसी अवैध गतिविधि धन शोधन से जुड़ी तो नहीं है।

नागपुर-कोलकाता फ्लाइट में बम की धमकी, रायपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग, 150 यात्री थे सवार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। इंडिगो की नागपुर से कोलकाता जा रही फ्लाइट में बम की धमकी के बाद उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर गुरुवार को अचानक इंडिगो फ्लाइट को लैंड किया गया। बम की सूचना के विमानन अधिकारियों में हड़कंप मच गया। फिलहाल फ्लाइट की जांच की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह नागपुर से कोलकाता के लिए रवाना हुई इंडिगो की फ्लाइट में बम होने की सूचना मिली। जिसके बाद रायपुर में ऐहतियातन इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर विमान को तुरंत खाली कराया गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं और एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा फ्लाइट की जांच की जा रही है। इस वजह से कुछ उड़ाने भी प्रभावित हैं। बता दें अक्टूबर में 90 से ज्यादा विमानों को बम की धमकी मिली थी। बाद में ये सभी झूठी साबित हुईं। इन धमकियों की वजह से 200 करोड़ रुपए तक का नुकसान हुआ था।

विमान में 150 से ज्यादा यात्री थे सवार

माना थाना पुलिस के मुताबिक आज सुबह करीब 9 बजे एयरपोर्ट के अफ़सरों को नागपुर-कोलकाता इंडिगो फ्लाइट में बम की सूचना मिली, जिसके बाद फ्लाइट को डायवर्ट कर रायपुर लाया गया। रनवे फ्री कर फ्लाइट की लैंडिंग कराई गई। विमान में 150 से ज्यादा पैसेंजर सवार थे, सभी सुरक्षित हैं। सीआईएसएफ और रायपुर पुलिस की टीम विमान की जांच कर रही है। वहीं इस घटना पर एयरपोर्ट के अफसर कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

खरीदी शुरू होने से पहले ही धान का अवैध परिवहन करते पकड़ाए, 364 क्विंटल धान और मक्का जब्त

कोंडागांव जिला प्रशासन की कार्रवाई

कोंडागांव (ए.)। कोंडागांव जिले में धान तिहार से पहले अवैध धान परिवहन पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए 14 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हो रही है। इस दौरान जिले में अवैध धान परिवहन रोकने के लिए 21 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहां पुलिस, वन एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें 24 घंटे जांच कर रही हैं। इसके अलावा, पांच उड़नदस्ता टीमें भी निगरानी में जुटी हुई हैं, ताकि छोटे व्यापारियों एवं बिचौलियों पर नजर रखी जा सके।

हाल ही में कृषि उपज मंडी समिति कोण्डागांव के अंतर्गत अवैध रूप से धान क्रय-विक्रय करने पर पांच व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें ग्राम मुलमुला निवासी चमरू राम देवांगन से 50 बोरा धान और 30 बोरा मक्का, ग्राम बालोण्ड निवासी घड़वा राम मरकाम से 20 बोरा धान और 50 बोरा मक्का, केशकाल निवासी मोहम्मद मैययाज खत्री से 37 बोरा धान, ग्राम बरकई निवासी बलराम पाण्डे से 28 बोरा धान और 05 बोरा मक्का तथा ग्राम बिवला निवासी श्री सुखराम मरकाम से 25 बोरा धान और 30 बोरा मक्का जब्त की है।

इसके अलावा, ग्राम गम्हरी में डागेश कुमार पांडेय द्वारा 29 क्विंटल धान को पटेलपारा निवासी संत कुमार नेताम के घर पर अवैध रूप से भंडारित किया जा रहा था। इसे पिकअप वाहन के साथ जप्त किया गया। माकड़ी थाना क्षेत्र में वाहन क्रमांक सीजी 27 जी 0130 को 202 क्विंटल धान के 450 बोरों के साथ बिना दस्तावेजों के पकड़ा गया, जिसे थाने में सुपुर्द किया गया है।

सेंचुरियन में भारत ने जीता तीसरा टी-20 : तिलक वर्मा ने जड़ा सैकड़ा, अर्शदीप ने कराई वापसी

सेंचुरियन (एजेंसी)। भारत ने तीसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 11 रनों से हराकर चार मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली। भारत की जीत में तिलक वर्मा चमके। तीसरे क्रम पर पहली बार खेलने उतरे तिलक ने शानदार शतक लगाया। वहीं एक समय जीत ओर बढ़ रही दक्षिण आफ्रीका को अर्शदीप ने रोका। भारत की ओर से अर्शदीप ने तीन विकेट लिए, जबकि वरुण चक्रवर्ती को दो और हार्दिक पांड्या तथा अक्षर पटेल को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले मेजबानों ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। तिलक वर्मा की 107* और अभिषेक शर्मा की 50 रनों की पारी की बदौलत भारत ने 20 ओवर में छह विकेट 219 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका 20 ओवर में सात विकेट पर 208 रन ही बना सकी। इस जीत के बाद टीम इंडिया की नजर अब चौथे और अंतिम मुकाबले पर होगी। यह मैच 15 नवंबर यानी शुक्रवार को जोहानिसबर्ग में खेला जाएगा।

नई औद्योगिक विकास नीति का सीएम साय करेंगे विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 नवम्बर को शाम 6.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मेफेयर लेक रिसार्ट में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विमोचन करेंगे। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि 28 अक्टूबर को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित केबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-2030 मंजूर की गई थी। इसमें छत्तीसगढ़ सरकार ने भारत सरकार के विजन 2047 की परिकल्पना को साकार करने तथा राज्य के औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से कई प्रावधान किए हैं। नई औद्योगिक नीति को उद्योग विभाग द्वारा संबंधित सभी हितपक्षों, औद्योगिक संगठन, औद्योगिक समूहों, संबंधित विभागों के साथ संवाद एवं गहन विचार-विमर्श कर तैयार किया गया है।

उक्त कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री, श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

अम्ल-डोडा, डीजे व फ्लोर पर पाबंदी

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ
- दीपक रंजन दास

संस्कार चाहें नए हों अथवा पुराने, यदि वह किसी का भला नहीं करतीं तो उनका बन्द हो जाना ही अच्छा। जोधपुर ग्रामीण जिले के 27 गांवों के गुर्जर समाज के लोगों ने एकमत होकर कुछ कुरीतियों के खिलाफ फैसला लिया है। इसमें मोसर-ओसर (मृत्युभोज) में अम्ल व डोडे के उपयोग पर पाबंदी लगा दी गई है। मृत्यु पर तेरहवें दिन की सभा भी नहीं होगी। यदि इसका उल्लंघन किया गया तो आयोजक को 50 हजार रुपए का दंड देना होगा। इसी तरह विवाह समारोहों या धार्मिक यात्राओं में डीजे बजाने और डांस फ्लोर पर थिरकने पर भी पाबंदी लगा दी गई है। समाज का मानना है कि यह अपसंस्कृति है। फिजूल खर्ची रोकने के लिए कुछ और भी फैसले लिये गये हैं। इनके तहत मृत्यु पर मिलणी में कपड़ों के लेन-देन पर पाबंदी लगा दी गई है। शादी में पड़ले में केवल तीन आइटम ही दिखाए व लाए जाएंगे। 13वीं की सभा पूर्ण रूप से बंद होगी। गंगाप्रसादी में कंवारी पहरावणी एवं बेटी के आने-जाने से पहले पहरावणी लाना व ले जाना पूरी तरह से बंद होगा। शादी, मायरा व पहरावणी में देन-लेन के कपड़े में वेश की जगह 100 रूपए दिए जाएंगे। समाज का मानना है कि इससे परिवारों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है। ऐसा ही निर्णय क्षत्रिय समाज ने भी लिया है। राजपूत कल्याण समिति ने कुछ समय पहले यह घोषणा की है कि शराब, मृत्युभोज, मांसाहार, दहेज, आदि ऐसी कुरीतियां हैं जिनके कारण राजपूत समाज न केवल शारीरिक, आर्थिक बल्कि अन्य दृष्टि से भी कमजोर हो रहा है। राजपूत कल्याण समिति ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे बुराइयों को छोड़कर अच्छाइयों को ग्रहण करें। कुछ ऐसा ही निर्णय भिलाई-दुर्ग के अग्रवाल समाज, जैन समाज, कुर्मी समाज, साहू समाज, कोसरिया यादव समाज एवं गुजराती समाज ने भी लिया है। अग्रवाल समाज ने विशेष रूप से प्री-वेडिंग पर रोक लगाने का फैसला किया है। अधिकांश समाज डीजे और शराब के खिलाफ हैं। कुर्मी समाज जहां सामूहिक विवाह के पक्ष में है वहीं गुजराती समाज मांसाहार के खिलाफ है। कोसरिया यादव समाज घराती बाराती के साथ-साथ भोजन करने के पक्ष में है। समाज जूता छिपाई और साड़ियों के लेन-देन के भी खिलाफ है। दरअसल, फिल्मों और टीवी सीरियलों की देखादेखी में वैवाहिक समारोहों में विवाह संस्कार को छोड़कर बाकी चीजें ज्यादा जरूरी हो गई हैं। इसके कारण परिवारों पर न केवल जबरदस्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है बल्कि आबोहवा से लेकर यातायात तक सबकी ऐसी-तैसी फिर रही है। प्री-वेडिंग का नशा भी अब सिर चढ़कर बोल रहा है। विवाह से पहले ही वर-वधु न केवल अंतरंग तस्वीरें खिंचवा रहे हैं और वीडियो बनवा रहे हैं बल्कि कुछ जोड़े तो डेस्टिनेशन फोटोशूट के बहाने हनीमून पर ही निकल जा रहे हैं। वैसे प्रतिबंध तो ढेर सारे लगाए गए हैं पर यदि डीजे, आतिशबाजी और शराब पर ही प्रभावी रोक लगाई जा सके तो यह बड़ी उपलब्धि होगी।

Digital Display Board
एलईडी स्क्रीन वॉल :-
दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, चांपा, मुंगेली
एलईडी टी.वी. :-
रायपुर, बिलासपुर व दुर्ग रेलवे स्टेशनों में
360° रोटेड एलईडी, स्क्रीन वैन
छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में
19 एलईडी स्क्रीन वॉल
बिलासपुर रेलवे स्टेशन में स्थापित
48 एलईडी टीवी
Harsh Media Advertisers
- रायपुर
- दुर्ग
- बिलासुपर
- कोरबा
- रायगढ़
- चांपा
- मुंगेली
Bhagat singh Chowk, Near CM House, Raipur, Chhattisgarh
Contact: 9131425618, 9827806026

संपादकीय

चुनावी रेवड़ी या गरीबों की मदद

मुफ्त, मुफ्त, मुफ्त... चुनाव आते ही किसी क्लियरेंस सेल जैसा माहौल बन जाता है। रस्ते का माल सस्ते में की तर्ज पर राजनीतिक पार्टियां वादे पर वादा करती जाती हैं और अब तो ज्यादातर पार्टियां सरकार बनते ही उन वादों को पूरा करने में भी जुट जाती हैं। कई दशक पहले दक्षिणी राज्यों से शुरू हुआ यह सिलसिला अब करीब-करीब पूरे देश में फैल चुका है। चमत्कारी बात यह है कि हरेक पार्टी ऐसे वादे करती है और दूसरे पर उंगली उठाने का कोई मौका भी नहीं चूकती।

> *अभी झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव गर्मी पकड़ ही रहा था कि एक बार फिर यह किस्सा खुल गया। मजे की बात यह है कि इस बार वाद-विवाद की शुरुआत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के एक बयान से हुई और वह भी कांग्रेस की सरकार वाले राज्य कर्नाटक में। खरगे के बयान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लपक लिया और फिर कांग्रेस के नेता भी खुलकर मैदान में उतर गए। शुरुआत इस बात से हुई कि कर्नाटक सरकार महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा देने वाली शक्ति योजना खत्म करने जा रही है।*

खरगे के सवाल उठाते ही कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने तुरंत उन्हें दुरुस्त किया और कहा कि योजना की समीक्षा की बात हुई है, खत्म करने की नहीं। लेकिन यह बात खुले मंच से हुई, जहां पूरे प्रदेश का मीडिया मौजूद था। खरगे ने एक तरह से राज्य के नेताओं को फटकार लगाई और कहा कि उन्हें ऐसी बातें नहीं कहनी चाहिए, जिनका दूसरी पार्टियां फायदा उठा सकें। साथ ही उन्होंने यह भी कह दिया कि 'राज्य का बजट देखकर ही गारंटी देनी चाहिए। अगर आप बजट से ज्यादा की गारंटी दे देंगे, तो दिवालिया हो जाएंगे। सड़क बनाने के लिए मिट्टी तक नहीं मिलेगी और लोग आपको दोष देंगे।' उनका यह बयान झारखंड व महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए था। उन्होंने साफ कहा कि कांग्रेस राज्यों के बजट का अध्ययन करेगी और उसके हिसाब से ही एलान किया जाएगा कि क्या गारंटी दी जाएंगी।

खरगे की इस बात से किसी को क्या ऐतराज हो सकता है? जो भी सुनेगा, यही कहेगा कि समझदारी की बात है, राजनीतिक दलों को ऐसा ही करना चाहिए। मगर राजनीति ऐसे तो चलती नहीं है। बीजेपी ने बात पकड़ ली और खुद प्रधानमंत्री मैदान में आ गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गलत वादे करके बेनकाब हो गई है। इसके साथ ही भाजपा ने सवाल उठाना शुरू कर दिया कि सिद्धरमैया सरकार ने कर्नाटक की माली हालत खस्ता कर दी है और सरकार के पास वादे पूरे करने के लिए पैसे नहीं हैं। हालांकि, कांग्रेस की तरफ से इसका खंडन हो रहा है, लेकिन बाकी देश में यह विवाद छिड़ गया है कि चुनावी वादे जनता की भलाई के लिए हैं या फिर वोट जुटाने के लिए रेवड़ी बांटने की कवायद है?

और फिर महाराष्ट्र चुनाव के लिए महाविकास आघाड़ी, यानी कांग्रेस गठबंधन की तरफ से पांच गारंटियों का एलान भी हो गया। खुद राहुल गांधी ने यह एलान किया। इनमें महिलाओं के लिए तीन हजार रुपये महीने का भुगतान और महिलाओं व बच्चियों के लिए मुफ्त बस सेवा देने वाली महालक्ष्मी योजना पहली गारंटी है। दूसरी गारंटी है- किसानों के लिए तीन लाख रुपये तक की कर्जमाफी और कर्ज चुकाने वाले किसानों को पचास हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि। इसे कृषि समृद्धि कहा गया है। तीसरी गारंटी है- राज्य में जातिगत गणना और आरक्षण में पचास प्रतिशत की सीमा खत्म करने का एलान। चौथी गारंटी है- पच्चीस लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा और मुफ्त दवाएं। पांचवां वादा है- बेरोजगार नौजवानों को प्रतिमाह चार हजार रुपये तक की सहायता। मानना चाहिए कि कांग्रेस और उसके साथी दलों ने महाराष्ट्र का बजट पढ़कर ही ये वादे किए होंगे, लेकिन यह सवाल तो उठेगा कि इनमें से कितने वादे पूरे हो पाएंगे और क्या जनता इन पर भरोसा करेगी? यहां यह भी ध्यान रखना चाहिए कि कांग्रेस के वादों पर सवाल उठाने वाली भाजपा भी महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की 'माझी लाडकी बहीण योजना' पर जबर्दस्त जोर दे रही है।

ये चुनावी वादे हैं या रेवड़ी, यह सवाल दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही खड़ा किया था, जब कांग्रेस ने कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के चुनावों में भी महिलाओं और नौजवानों के लिए ऐसे ही वादे किए थे। हिमाचल में कांग्रेस ने दस चुनावी वादे किए थे। तीनों जगह महिलाओं और नौजवानों को लुभाने के लिए उन्हें हर महीने भत्ता देने का वादा हुआ। कह सकते हैं, पार्टी को इसका फायदा भी मिला। लेकिन तेलंगाना में केसीआर और आंध्र में जगन मोहन रेड्डी अपनी सरकारों की कल्याणकारी योजनाएं गिनाते रह गए और वोटरों ने उनका साथ नहीं दिया। जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत में ऐसी ही योजना की बड़ी भूमिका मानी जा रही है। राज्यों के चुनाव को छोड़ भी दें, तो देश की राजनीति में किसान सम्मान योजना, मुफ्त रसोई गैस, मुफ्त शौचालय, मुफ्त घर और मुफ्त अनाज योजना ने जो भूमिका निभाई है, उसे भला कैसे नजरंदाज करेंगे?

नोबेल विजेता अर्थशास्त्री भी अब कह रहे हैं कि आने वाले वक्त में सबके लिए काम जुटाना संभव नहीं होगा, ऐसे में सरकारों को न सिर्फ गरीबों को मदद देने, बल्कि बिना उनके आत्मसम्मान को चोट पहुंचाए मदद का इंतजाम करना पड़ेगा। केंद्र या राज्य सरकारों के हाल देखें, तो वे मदद पहुंचाने में अपना भी राजनीतिक फायदा देख पा रही हैं। सम्मान का सवाल अभी केंद्र में आ नहीं पाया है। ऐसी परिस्थिति में लखनऊ के मशहूर नवाब आसिफुद्दौला की याद लाजिमी है, जिन्होंने 18वीं सदी में अकाल पीड़ित जनता को राहत देने के लिए इमामबाड़ा जैसी बड़ी इमारत बनवाई थी। इसमें हजारों लोगों को काम दिया गया, ताकि लोग मेहनत करके पैसा कमा सकें, उन्हें खैरात लेने की जिल्लत न झेलनी पड़े। तभी से यह जुमला प्रसिद्ध है- जिसको न दे मौला, उसको दे आसिफुद्दौला। क्या आज इसी अंदाज में राहत देना संभव नहीं रह गया है? काम के बदले अनाज और मनरेगा जैसी योजनाओं को मजबूत करना क्या बेहतर तरीका नहीं होगा? इस सवाल का जवाब सिर्फ सरकारों और राजनेताओं को नहीं, बल्कि उन्हें कुर्सी तक पहुंचाने वाले वोटरों को भी देना होगा।

नजरिया

स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज का रहा है विशेष योगदान

मां भारती को अंग्रेजी शासनकाल की दासता की यन्त्रणा से मुक्त कराने हेतु जनजातीय समाज ने अंग्रेजों को नाको चने चबवा दिए थे। दरअसल, जनजातीय समाज चूंकि बहुत घने जंगलों में निवास करता था अतः वह अंग्रेजों की पकड़ से कुछ दूर ही रहा, हालांकि समय समय पर अंग्रेजी शासन को परेशान करने में सफल जरूर रहा।

15 नवम्बरः भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस पर लेख

प्रहलाद सबनानी

ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कई प्रकार के आंदोलन जनजातीय समाज द्वारा चलाए गए थे। इन आंदोलनों को चलाने में आदिवासीयों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है, इन आदिवासी समुदायों में तामार, सन्थाल, खासी, भील, मिजो और कोल विशेष रूप से शामिल रहे हैं। भारत में इतिहास को बहुत तोड़ मरोड़कर लिखा गया है। वर्तमान भारतीय इतिहास का अधय्यन करने पर ध्यान में आता है कि भारत के इतिहास को केवल लगभग 800 वर्षों के मुगल शासकों के इर्द गिर्द समेट दिया गया है और भारत में मुगल शासकों का कालखंड जैसे स्वर्णकाल रहा है तथा भारत के इतिहास में इस कालखंड को विशेष स्थान दिया गया है। मुगल शासकों के पश्चात भारत में अंग्रेजी शासनकाल के दौरान जनजातीय समाज द्वारा मां भारती को स्वतंत्रता दिलाने के दिए गए महान योगदान का तो भारत के वर्तमान इतिहास में कहीं वर्णन ही नहीं मिलता है। जनजातीय समाज के कई युवा योद्धा जिन्होंने अंग्रेजों के क्रूर शासन के विरुद्ध युद्ध का बिगुल बजाने में सफलता हासिल की थी, की सूची पर यदि ध्यान दें, तो इस सूची में हम मुख्य रूप से शामिल पाएंगे भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, श्री अल्लूरी सीताराम राजू, रानी गौडिल्यू और सिद्धू एवं कान्हूं मुर्मू को।

भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर 1875 को हुआ था, आप मुंडा जनजाति के सदस्य थे एवं आपने 19वीं शताब्दी के अंत में आधुनिक झारखंड एवं बिहार के आदिवासी क्षेत्रों में ब्रिटिश शासन के दौरान एक भारतीय आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया था। बिरसा मुंडा ने भारत की आजादी में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने शोषक ब्रिटिश औपनिवेशिक व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई लड़ी। भगवान बिरसा मुंडा की तरह ही देश के अन्य राज्यों में भी जनजातीय समाज के कई रणबांकुरों द्वारा अपने प्राणों की आहुति देकर भारत को अंग्रेजों के क्रूर शासन से मुक्त कराने में अपना योगदान दिया गया था। भगवान बिरसा मुंडा को ''धरती आबा'' भी कहा जाता है।

इसी प्रकार, शहीद वीर नारायण सिंह को छत्तीसगढ़ में सोनाखान का गौरव माना जाता है, आपने वर्ष 1856 के अकाल के बाद व्यापारियों के अनाज के गोदामों को लूटकर गरीब नागरिकों के बीच बांट दिया था। आपके बलिदान ने आपको आदिवासी नेता बना दिया एवं आप 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के पहले शहीद बने थे। अल्लूरी सीताराम राजू का जन्म 4 जुलाई 1897 को आन्ध्रप्रदेश में भीमावरम के पास मोगल्लु गांव में हुआ था। श्री अल्लूरी को अंग्रेजों के खिलाफ ''रम्पा विद्रोह'' का नेतृत्व करने के लिए सबसे अधिक याद किया जाता है, जिसमें आपने विशाखापत्तनम और पूर्वी गोदावरी जिलों के आदिवासी नागरिकों को अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने के लिए संगठित किया था। आपका अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन उस खंडकाल में बंगाल के क्रांतिकारियों से प्रेरणा प्राप्त करता था। रानी गौडिल्यू नागा समुदाय की आध्यात्मिक एवं राजनैतिक नेता थीं। आपने भारत में अंग्रेजी शासनकाल के खिलाफविद्रोह का नेतृत्व किया था। केवल 13 वर्ष की आयु में आप अपने चचेरे भाई हाईपौ जादोनांग के हेराका धार्मिक आंदोलन में शामिल हो गईं थी। आपके लिए नागा लोगों की स्वतंत्रता के लिए भारत के व्यापक आंदोलन का हिस्सा थीं। आपने मणिपुर क्षेत्र में गांधी जी के संदेश का प्रचार प्रसार भी किया था। 30 जून 1855 को 1857 के विद्रोह से दो वर्ष पूर्व दो सन्थाल भाईयों सिद्धू और कान्हू मुर्मू ने 10,000 संथालों को एकत्रित किया एवं अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की घोषणा कर दी थी। आपके साथ एकत्रित हुए समस्त आदिवासियों ने अंग्रेजों को अपनी मातृभूमि से भगाने की शपथ ली थी। मुर्मू भाईयों की बहनों, फूलों एवं झानो, ने भी अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों ने देश को स्वतंत्रता दिलाने में अतुलनीय योगदान करने वाले रणबांकुरों के योगदान को न केवल पहचाना है बल्कि इस योगदान को भारतीय नागरिकों के बीच रखने के प्रयास भी किया है। वर्ष 2021 में स्वतंत्रता दिवस के 75वें समारोह के उपलक्ष में केंद्र सरकार द्वारा बहादुर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने हेतु ''15 नवम्बर'' को ''जनजातीय गौरव दिवस'' के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष 15 नवम्बर के दिन को सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता एवं आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने हेतु भारत में ''जनजातीय गौरव दिवस'' का आयोजन किया जा रहा है। 15 नवम्बर को ही बिरसा मुंडा की जयंती भी रहती है, जिन्हें भारत में जनजातीय समाज में भगवान के रूप में सम्मानित किया जाता है।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के योगदान को याद करते हुए अगस्त 2016 में दिल्ली के लाल किले से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर, रांची स्थित 150 वर्षों से अधिक पुरानी विरासत इमारत को केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय के रूप में संरक्षित एवं पुनः स्थापित किया गया है। यह इमारत पहले एक जेल के रूप में इस्तेमाल हो चुकी है, जहां भगवान बिरसा मुंडा को कैद किया गया था। 25 एकड़ में फैले इस संग्रहालय में कई पर्यटक आकर्षण हैं, जिनमें अंडमान जेल की तर्ज पर मनमोहक लाइट और साउंड शो का आयोजन किया जाता है तथा भगवान बिरसा मुंडा के जन्म से मृत्यु तक के जीवन के विभिन्न चरणों को दिखाने वाली तीन दीर्घाओं (चलचित्र कक्ष) में लगभग 20 मिनट की एक आडियो विजुअल फिल्म दिखाई जाती है। संग्रहालय के बाहरी लॉन में उलीहातू गांव को फिर से बनाया गया है। संग्रहालय में भगवान बिरसा मुंडा की 25 फीट की मूर्ति भी है। इसके साथ ही, संग्रहालय में विभिन्न आंदोलनों से जुड़े अन्य स्वतंत्रता सेनानियों जैसे शहीद बुधू भगत, सिद्धू-कान्हू, नीलाम्बर-पीताम्बर, दिवा-किसुन, तेलंगा खाड़िया, गया मुंडा, जात्रा भगत, पोटो एच, भागीरथ मांझी, गंगा नारायण सिंह की नौ फीट की मूर्तियां भी शामिल हैं। बगल के 25 एकड़ रकबे में स्मृति उद्यान को विकसित किया गया है और इसमें संगीतमय फव्वारा, फूड कोर्ट, चिल्ड्रन पार्क, इन्फिनिटी पूल, उद्यान और अन्य मनोरंजन सुविधाएं मौजूद हैं। इस संग्रहालय का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 जवंबर 2021 को पहिले जनजातीय गौरव दिवस के शुभ अवसर पर किया गया था।

इसी प्रकार, आज केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा विशेष रूप से जनजातीय समाज के हितार्थ आर्थिक क्षेत्र, शिक्षा के क्षेत्र, चिकित्सा के क्षेत्र, आदि में कई प्रकार की योजनाएं पूरे देश में चलाई जा रही हैं।

(ये लेखक विचार हैं।)

जनसहयोग से हो कारगर नीतियों का क्रियान्वयन

अखिलेश आर्येंदु

राजधानी दिल्ली में प्रदूषण की समस्या गंभीर हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर केंद्र और राज्य सरकारों की कार्रवाई को नकारते हुए कहा कि मौजूदा कानून प्रभावी नहीं हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि स्वच्छ वातावरण में रहना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, जिसे सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए। निःसंदेह, प्रदूषण बढ़ने के प्रमुख कारणों में आतिशबाज़ी, किसानों द्वारा पराली जलाना, हवा की रुकावट, बढ़ती धूल और वाहनों का धुआं शामिल हैं।

विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में पीएम 2.5 की सघनता विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से कहीं अधिक है, जिससे यह दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हो गया है। यहां की हवा में ज़हरीले तत्वों की अधिकता की वजह से ही स्थानीय लोग सालभर वायु और ध्वनि प्रदूषण के गंभीर प्रभावों का सामना करते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार ने कई प्रयास किए हैं, जैसे कि बाहरी वाहनों के प्रवेश पर रोक, पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध, किसानों को आर्थिक सहायता देने, एनसीआर में उद्योगों को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) मुहैया कराना और कई अन्य कदम जैसे बदरपुर बिजली संयंत्र बंद करना और निर्माण अपशिष्ट प्रबंधन नियम लागू करना शामिल है।

इसके बावजूद, प्रदूषण की समस्या जस की तस बनी हुई है, जिसके कारण लोगों की जीवन प्रत्याशा घट रही है। इसके अतिरिक्त, प्रदूषण के कारण प्राकृतिक संसाधन और पर्यटन स्थल भी प्रभावित हो रहे हैं। ध्वनि प्रदूषण भी न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति और भी विकट हो गई है, खासकर त्योहारों के दौरान। कुल 3.3 करोड़ की जनसंख्या में से बड़ी संख्या में अधिकांश लोग किसी न किसी रूप में प्रदूषण फैलाने के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन न कोई ठोस जागरूकता अभियान चलाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार कानून के तहत त्योहार मनाने की दिशा में आदेश दिए, लेकिन इनका पालन नहीं होता। पुलिस महज औपचारिकता निभाती है और आम जनता प्रदूषण के प्रति जागरूक नहीं है। समस्या का समाधान तभी संभव है जब सरकार और नागरिक दोनों पर्यावरण के प्रति संवेदनशील हों।

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का सबसे गंभीर प्रभाव लोगों की सेहत पर पड़ रहा है, खासकर नई-नई बीमारियों के रूप में। ठंड के मौसम में प्रदूषण के कारण सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं और बड़ी संख्या में मौतें हो रही हैं। दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 तक पहुंच जाता है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीमा से 100 गुना अधिक है।

इस प्रदूषण का असर जीवन प्रत्याशा पर भी पड़ रहा है; शिकागो विश्वविद्यालय के अनुसार, दिल्ली में रहने वालों के जीवनकाल में औसतन 11.9 साल की कमी आई है। प्रदूषण के कारण दिल, फेफड़े, आंत, आंख, हड्डी और यकृत से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका गहरा असर हो रहा है, विशेष रूप से बच्चों में याददाश्त और गणितीय क्षमताओं में गिरावट देखी जा रही है।

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण केवल वायु तक सीमित नहीं है, जल, ध्वनि, मिट्टी और प्रकाश प्रदूषण भी तेजी से बढ़ रहा है। यमुना जैसे प्रमुख जलस्रोतों का पानी प्रदूषित हो चुका है, जिससे न केवल जल का उपयोग मुश्किल हो गया है, बल्कि आवारा जानवरों और पक्षियों में बीमारियों का संक्रमण बढ़ा है, और मवेशियों व पक्षियों की मौतें हो रही हैं। एक अमेरिकी शोध के अनुसार, भारत के बड़े शहरों में बढ़ता मिट्टी, जल और ध्वनि प्रदूषण पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरे का संकेत है।

राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार, पिछले तीस वर्षों में दिल्ली में कैंसर के मरीजों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है, विशेष रूप से 0 से 14 साल के बच्चों में। दिल्ली की हवा में मौजूद खतरनाक गैसें जैसे कार्बन मोनोआक्साइड, नाइट्रिक आक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और ओजोन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा करती हैं। इसके अलावा, पीएम 2.5 (अल्ट्रा फाइन पार्टिकुलेट मैटर) प्रदूषण का एक और प्रमुख कारण है, जो मोटर वाहनों, बिजली संयंत्रों, फैक्टरियों और पटाखों से निकलता है। पीएम 2.5 के संपर्क में आने से दिल और फेफड़ों की बीमारियों का खतरा बढ़ता है, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है।

डाउन टू अर्थ की रिपोर्ट और साल 2018 से 2023 के अक्तूबर महीने के बीच 25 शोधों के अनुसार, भारत के बच्चों पर वायु प्रदूषण का असर केवल उत्तर भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के तमाम बड़े शहरों में यह समस्या बढ़ रही है। इसके कारण नवजात बच्चों का जन्म के वक्त वजन में कमी, समय से पहले प्रसव और मृत जन्म दर वृद्धि हो रही है। यूनाइटेड नेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में करोड़ों बच्चे एनीमिया से ग्रस्त हैं और प्रदूषण के कारण एंटीबायोटिक दवाओं का प्रभाव भी कम हो रहा है।

एनसीआर में वाहनों की संख्या और धूल की समस्या बढ़ने के कारण भविष्य में स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है। प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार के उपायों और कोर्ट के आदेशों के साथ-साथ आम आदमी की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाना, धूल नियंत्रण में जनसहयोग और पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए एनसीआर के सटे राज्यों के किसानों को भी जागरूक करना आवश्यक है। केंद्र सरकार को पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहतर जन जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है।

(ये लेखक के विचार हैं)

अब बंटने और कटने का ख्याल है

हरिशंकर व्यास

तब अच्छे दिनों का ख्याल था। अब बंटने और कटने का ख्याल है। तब भारत में मध्यम वर्ग मजबूत था अब जर्जर और घटता हुआ है। तब दुनिया में उभरी हिंदू राजनीति पर कौतुक था, सम्मान और अभिनंदन था। कनाडा में मोदी के अभिनंदन का भारतीय महाकुंभ था। अब उसी कनाडा में हिंदू पीटते हुए हैं। तब वहां संसद में भी दिवाली थी, हिंदू मंदिरों में दीये थे अब हिंसा है। तब अमेरिका, ओबामा हिंदू राजनीति और मोदी को गले लगाते हुए थे अब उसी अमेरिका में दक्षिण एशियाई (भारत मूल के लोग अधिक) लोगों के खिलाफ हेटस्पीच (10 अक्टूबर 2024 की रायटर एजेंसी की विस्तृत रिपोर्ट) के नए रिकॉर्ड हैं। हिंदुओं के प्रति पक्षपात है। कमला हैरिस, निकी हेली, विवेक रामस्वामी आदि भारतीय मूल के नेताओं ने भी हिंदू और हिंदू वोटों से कन्नी काटी हुई है तो अमेरिकी संसद में दाखिल प्रस्ताव 1131 का भी फॉलोअप नहीं है। यह प्रस्ताव भारतीय मूल के सांसद थानेदार ने हिंदूफोबिया के खिलाफ रखा था। इससे अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हमलों का जिक्र था।

इतना ही नहीं जनवरी 2023 से अगस्त 2024 के मध्य में अमेरिका के ऑनलाइन स्पेस में एशियाई (मोटा मोटी हिंदुओं) के खिलाफ घृणा नैरेटिव की संख्या 23 हजार से बढ़ 46 हजार थी। अमेरिका के सबसे बड़े प्रदेश कैलिफोर्निया में यहूदियों के बाद नफरती अपराध हिंदुओं के खिलाफ सर्वाधिक थे। इस्लामोफोबिया तीसरे नंबर पर था।

पर कनाडा और अमेरिका में ही क्यों ब्रिटेन में भी ऋषि सुनक के फिनोमीना के बावजूद लिस्टर में हिंदू बनाम पाकिस्तानियों की हिंसा के बाद हिंदुओं के खिलाफ माहौल है। हालांकि वहां अब फिलस्तीन-इजराइल के झगड़े के शोरगुल के चलते हिंदुओं से ध्यान हटा होना चाहिए था। लेकिन हिंदुओं के प्रति दुराव बना हुआ है। ऋषि सुनक का ग्राफ भी पैंदे पर है।

हिंदू 2014 में भारत से भागते हुए नहीं थे। इन दस वर्षों में अंबानी ने ब्रिटेन में मकान बनाया है तो तमाम अरबपतियों के भारत छोड़ने, भारत का पासपोर्ट छोड़ने की खबरें हैं। वहीं गुजरात, पंजाब से रिकॉर्डतोड़ गुजरातियों, सरदारों के मैक्सिको के रास्ते से अवैध रूप से अमेरिका में घुसने के भी आंकड़े हैं।

2014 में दुनिया में हिंदूफोबिया शब्द प्रचलित नहीं था। अब है। तब इस्लामोफोबिया में मुसलमानों सें नफरत थी अब मोदी सरकार के राजकाज, अनुभवों के चलते हिंदूफोबिया फैला है। और हिंदुओं से नफरत है!

2014 में बांग्लादेश में हिंदुओं की पिटाई नहीं थी, आज है। तब नेपाल में हिंदू बेगाने नहीं थे अब हैं। दक्षिण एशिया में तब नरेंद्र मोदी और हिंदू राज का सम्मान था। अब मखौल और उपेक्षा है।

वैश्विक स्थिति की एक रिपोर्ट के इन वाक्यों पर गौर करें- जुलाई में हिंदूफोबिक कोड वर्ड और मीम्स पर संकेत रिकॉर्ड ऊंचाई पर था। यह जमीनी तौर पर हिंसा भड़का सकता है ॄ. दुर्भाग्य से, हिंदू आबादी के लिए इसमें कुछ भी नया नहीं है। तब नया क्या है? सोशल मीडिया पर अब हिंदुओं के प्रति नफरत भरे संदेश साझा किए जा रहे हैं।

(आरएनएस)

कोठारी ज्वेलर्स
सोने-चांदी के आभूषणों के विक्रेता एवं निर्माता
जवाहर चौक, दुर्ग 491001
0788-2249990
94252-42323 नितिन
98261-29990 पवन
93029- 29990

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of
Musical Instrument
Sales & Repair
DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

कांतिलाल ज्वेलर्स
सोने, चांदी एवं गोल्ड जेवरों के
निर्माता एवं विक्रेता
सदर बाजार, दुर्ग, 0788-2210274, 4038274
40, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, फोन: 4060274
Kantilal_jewel@yahoo.com

महक सेनीटेशन
आपके शहर में सेनेटरी का
भव्य शोरुम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की
भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता
मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

Surana
Jewellers
Certified Gems
Mo. 9303452485
Jawahar Chowk, Durg

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के
बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

विशाल ज्वेलर्स
BIS - 916
100% Hallmarked
आभूषण लेना तो
हॉलमार्क लेना
नया सराफा, जवाहर चौक, दुर्ग
मो.-9827906406

रमन आई. टी. आई.
Affiliated By N.C.V.T. & D.G.T. R.N-6/35/4/2016
बाबा दीप सिंह नगर, वैशाली नगर, भिलाई
कोपा
कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट
पाठ्यक्रम अवधि - 1 वर्ष
TALLY & GST FREE
100% JOB ORIENTED
स्टेनो हिन्दी
पाठ्यक्रम अवधि - 1 वर्ष
TALLY & GST FREE
ADMISSION OPEN
7773027492, 7389471941
शासन द्वारा छात्रवृत्ति

श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

खास खबर

प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार सहायक कलेक्टर को सौंपा गया प्रभार

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ वर्ष 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी एम. भार्गव (भा.प्र.से.) सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सहायक कलेक्टर भार्गव (भा.प्र.से.) को प्रशिक्षण अभ्यास हेतु 11 नवंबर 2024 से 22 दिसंबर 2024 तक छः सप्ताह की अवधि के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है।

दावा आपत्ति 25 तक आमंत्रित

दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई–1 द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका के दो रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई–1 से प्राप्त जानकारी अनुसार अंतिम तिथि उपरांत प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी कर निर्धारित मापदण्ड के आधार पर अनुमोदित अंतरिम मूल्यांकन पत्रक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई–1 एवं नगर पालिक निगम भिलाई के कार्यालय परिसर में चस्पा कर दी गई है। उक्त अंतरिम मूल्यांकन पत्रक में वरीयता/प्राथमिकता के संबंध में किसी आवेदिका को दावा–आपत्ति हो तो 14 नवम्बर से 25 नवम्बर 2024 तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई–1 में कार्यालयीन समय में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा।

संपत्तिकर एक साथ जमा करने पर 2 प्रतिशत का मिल रहा छूट

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन/भूमि स्वामियों को उनके स्वामित्व के भवन/भूमियों पर चालू वित्तीय वर्ष 2024.25 हेतु देय संपत्तिकर पर 30 नवम्बर 2024 तक एक मुश्त भुगतान करने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। नगर निगम भिलाई के 5 जोन में एवं मुख्य कार्यालय में कार्यायालयीन अवधि में करदाता संपत्ति कर जमा कर सकते हैं। यह सुविधा सभी प्रकार के संपत्ति कर करदाताओं के लिए है। जिसका भवन/भूमि स्वामी लाभ उठा सकते है।

बीएसपी की खो-खो बालिका टीम बनी विजेता

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बीएसपी (बीएसपी) की खो–खो बालिका टीम ने हाल ही में आयोजित दिनांक 8, 9 एवं 10 नवंबर को छत्तीसगढ़ के बेहतरीन व सर्वश्रेष्ठ क्लब एडवेंचर खो खो क्लब के द्वारा आयोजित एडवेंचर ट्रॉफी प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग के विजेता का खिताब प्राप्त किया। जिसमें राज्य के विभिन्न क्लबों की बालक वर्ग (14 वर्ष) से 10 टीमों ने एवं बालिका वर्ग में (18 वर्ष) की 08 टीमों ने भाग लिया था।

बीएसपी टीम ने सेमीफाइनल में नारायणपुर की टीम को बड़े अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उन्हें कड़े मुकाबले में एडवेंचर खो खो क्लब की टीम को हरा कर विजेता का खिताब हासिल किया। बीएसपी खो–खो क्लब के अध्यक्ष एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण विभाग के महाप्रबंधक श्री संजय कुमार के मार्गदर्शन में 11 नवंबर 2024 को बीएसपी खो खो क्लब सेक्टर–4 में आयोजित खिलाड़ियों एवं उनके पालकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

बीएसपी खो खो क्लब के माननीय अध्यक्ष संजय शर्मा ने टीम की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा, बीएसपी खो–खो क्लब की बालिका टीम ने अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट खेल कौशल से यह गौरवपूर्ण सफलता अर्जित की है। उनके इस अद्वितीय प्रदर्शन ने हमें गर्व का अनुभव कराया है। जब भी छत्तीसगढ़ में खो–खो की बात होती है तो भिलाई का नाम सबसे पहले लिया जाता है। भिलाई ऐसा स्थान है, जहां खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है, और यहां के खिलाड़ियों ने स्टेट और नेशनल स्तर पर भिलाई और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। मैं टीम के कोच, मैनेजर और सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि वे आगे भी इसी प्रकार अपने खेल से हमारे क्लब और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम के अंत में श्री रघुनंदन प्रसाद गुप्ता ने उक्त समारोह में शामिल हुए सभी खिलाड़ियों, उनके पालकों, सभी गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद देते हुए, यह बताया कि आगामी वर्ष में खो खो का पहला वर्ल्ड कप दिल्ली में 13 से 19 जनवरी 2025 में आयोजित होना है। जिसमें कुल 28 से 30 देश जिनमें पाकिस्तान, ब्रिटेन, नॉर्थ अमेरिका, श्रीलंका, नेपाल भूटान, अफ्रीका , दक्षिण कोरिया, दक्षिण अमेरिका आदि जैसे देश भाग लेंगे। बीएसपी टीम की खिलाड़ी कुमारी झमीता साहू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड' से नवाजा गया और कुमारी अनादिता को 'बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड मिला।

कप्तान कुमारी झमीता साहू ने टीम का नेतृत्व किया और नम्रता यादव, सिमरन देशलहरा, युक्ता सिंह, रोशनी, अनादिता, भूमकी निषाद, सुष्मिता साहू, खुशबू, उर्मिला, खुशी सूर्यवंशी, भारती यादव और चांदनी यादव ने मिलकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम के कोच जफर सिद्दीकी एवं सिकंदर भारती और मैनेजर सुश्री गिरिजा के कुशल मार्गदर्शन ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीएसपी खो खो क्लब आसपास के गांवों के बच्चों को नियमित अभ्यास कराती है।

जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन कल बीआईटी में

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। जिला स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम 15 नवम्बर 2024 को भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) दुर्ग के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने उक्त आयोजन के सफल क्रियान्वयन हेतु आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर दायित्व सौंपा। उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन समयावधि में करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर के आदेशानुसार उक्त आयोजन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास हेमन्त कुमार सिन्हा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक को कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रोटोकॉल अधिकारी को माननीय सांसद, विधायक, अन्य सम्मानीय जनप्रतिनिधि एवं जनजातीय समाज प्रमुख को आमंत्रण। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग/धमधा/पाटन को स्थानीय जनजाति वर्ग के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके वंशजों की सूची उपलब्ध कराना, अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र वितरण। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क), कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग विद्युत एवं यांत्रिकी, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल लगाने, टेंट एवं शेड की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर विद्युत, जनरेटर, पंखे कुलर की व्यवस्था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यक्रम स्थल में चिकित्सा व्यवस्था, जिला स्तर/विकासखण्ड स्तर/छात्रावास आश्रमों में प्रमुखों स्थानों पर निःशुल्क सिकलसेल एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, अनुसूचित जनजाति के हितग्राही को आयुष्मान कार्ड वितरण, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को स्थानीय मंत्री, सांसद, विधायक एवं जनजातीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण, नर्तक दल एवं मोमेन्टो, जलपान व्यवस्था इत्यादि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा/पाटन को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ग्राम स्तर, विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर योजनाओं का प्रचार–प्रसार (15–26 नवम्बर 2024), सभी चिन्हित ग्रामों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन सतत विकास लक्ष्य का पंचायत स्तर पर स्थानीयकरण एवं गौरवशाली जनजातीय इतिहास के बारे में चर्चा, अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास पूर्णतः प्रमाण पत्र एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के जनपद प्रतिनिधि एवं सरपंच के आवागमन की व्यवस्था। उप संचालक उद्यानिकी विभाग को बुके एवं माला की व्यवस्था। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं ई–डिस्ट्रिक्स मैनेजर चिप्स को माननीय प्रधानमंत्री जी के जमुई, बिहार से जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का प्रसारण हेतु कार्यक्रम स्थल में माईक, साउण्ड सिस्टम, प्रोजेक्टर, वन–वे कनेक्टिविटी की व्यवस्था तथा जनसंपर्क अधिकारी को प्रचार–प्रसार का दायित्व सौंपा गया है। अधिकारियों को सौपे गये दायित्वों का निर्वहन निर्धारित तिथि एवं समय में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

वार्ड में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति को सत्यापित करेंगे वार्ड पार्षद

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक वरिष्ठ पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में निगम भिलाई के सभी वार्डो में सफाई व्यवस्था को और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार विमर्श के बाद 15 कार्यो को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रत्येक वार्ड में निर्धारित सफाई कर्मचारियो की उपस्थित को सत्यापित करेगे, वार्ड पार्षद।

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत आने वाले वार्डो में नाली, सड़क, बाजार एवं तिपहिये रिक्शे/ई–रिक्शा से आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्र में डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण कार्य तथा अन्य कार्य के लिए कार्य आधारित निविदा के संबंध में निगम भिलाई के नेहरू नगर जोन–1 में वार्ड 1 से 8 तक एवं वार्ड 9 से 18 तक। वैशाली नगर जोन–2 में वार्ड 14, 15, 16, 19, 20, 26, 27 एवं 21, 22, 23, 24, 25, 28, 29 तक। मदर टेरेसा नगर जोन–3 में वार्ड 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37 तक। शिवाजी नगर खुर्सीपार जोन–4 में वार्ड 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44 एवं वार्ड 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51 तक। सेक्टर 06 जोन–5 में वार्ड 69 का 1/2 भाग एवं 70 तक के कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई। जानकारी अगले महापौर परिषद की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत करने को कहा गया।

अमित जोश के एनकाउंटर पर व्यापारियों ने जताई खुशी, भिलाई चेंबर की टीम ने एसपी जितेन्द्र शुक्ला को दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज



भिलाई। निगरानी बदमाश अमित जोश का एनकाउंटर करने पर दुर्ग भिलाई शहर के व्यापारियों में भी हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की भिलाई शाखा का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में एसपी जितेन्द्र शुक्ला से मिला और इस एनकाउंटर के लिए एसपी सहित पूरी पुलिस टीम को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

इससे पहले प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने एसपी जितेन्द्र शुक्ला को जानकारी दी कि पूर्व में अमित जोश के आतंक से कई व्यापारी परेशान रहे है। कई व्यापारी अमित जोश की रंगदारी से पीड़ित थे। एक व्यापारी पर तो चाकू से हमला भी किया था। अजय भसीन ने इस बात की खुशी जाहिर की व्यापारियो को भय से मुक्ति मिल गई है और इसका सारा श्रेय पुलिस विभाग को जाता है। पुलिस की इस कार्यवाही से व्यापारियो में हर्ष है।

इस मौके पर भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने कहा कि व्यापारी पुलिस की इस कार्रवाई से प्रसन्न है।अमित जोश व्यापारी वर्ग से रंगदारी करता था और कई व्यपारियो पर जानलेवा हमला भी कर चुका था। व्यापारियों को अमित जोश के आतंक से छुटकारा मिला। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने भिलाई चेम्बर का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि ऐसे अपराधियो पर शुरू से कार्रवाई होनी चाहिए। इन पर कार्रवाई न हो तो ये बड़े अपराधी के रूप में समाज को कलंकित करते है। इस अससर पर अजय भसीन, गारगी शंकर मिश्र के साथ मनोहर कृष्णानी, सुनील मिश्रा, विनय सिंह, मनोज बक्तानि, चिन्ना राव, प्रेम रतन गहलोत, शिवराज शर्मा व अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

सक्रिय सदस्य बनाने में जुटे दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, कहा–

हर एक सदस्य पार्टी की असली पूंजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। सदस्यता अभियान 2024 और सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों पुरई , धनोरा, उतई, डूमरडीह, कातरों, मातरो, करगाडीह, में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर घर घर पहुंचकर भाजपा के विचारों और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को साझा करते हुए क्षेत्रवासियों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया। जिससे संगठन को और मजबूती मिली। सभी ग्रामवासियों के सहयोग से यह अभियान एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर भाजपा को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने कहा, ''पार्टी का सक्रिय सदस्य होने के लिए एक कार्यकर्ता को एक बूथ या विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होता है। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। साथ ही उन्हें आने वाले समय में पार्टी के लिए काम करने के कई मौके मिलेंगे।

पीढ़ियों की तपस्या का है फल

आज बीजेपी सबसे बड़ा दल बनी है तो इसमें हमारी कई पीढियां की तपस्या रही है। विचारधारा पर आधारित एकमात्र राजनीतिक दल बीजेपी है। हमारी सरकारें अपने विचारों पर आधारित कार्य करती है। भारतीय जनता पार्टी जिस विचारधारा को लेकर काम कर रही है वो भारत को विश्व गुरु बनाने का है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, हमारे प्रदेश का संगठनात्मक ढांचा बहुत मजबूत है। हम पिछले कुछ वर्षों का चुनाव देखें जिसमें विधानसभा हो या लोकसभा सभी में हमारे कार्यकर्ताओं का योगदान बेहतरीन रहा। बीजेपी का कार्यकर्ता यदि निष्ठा से कार्य करता है तो उसे उसका लाभ मिलता है। विधायक चंद्राकर ने कहा कि जब शासन की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती है तो उनका पुण्य कार्यकर्ताओं को मिलता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री राजू जंघेल, सोनू राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, शुभम वर्मा, करण सेन,कन्हैया साहू, शीतला राजपूत नीलम गड़े, विमला कामड़े, रूपेश पारख, फलेंद्र सिंह राजपूत, ममता चंद्राकर संगीता रजक सुनीता वर्मा,मनमोहन साहू दुर्गेश साहू, विक्की चंद्राकर, केशव महिपाल, विनय गुप्ता पंकज साहू, अभिषेक कुमार, तोषण तारक पिंटू महेंद्र चोपड़ा,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पीएम आवास योजना 2.0 : परिवारों को घर के साथ साथ आर्थिक मदद भी

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी क्षेत्रों में 'सबके लिए आवास' मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (पीएमएवाई–यू 2.0) का क्रियान्वयन दिनांक 1 सितम्बर 2024 से 5 वर्ष के लिए किया जाएगा।भारत सरकार एवं राज्य शासन के योजना अन्तर्गत दिशा–निर्देशों के अनुरूप सभी पात्र लाभार्थियों / परिवारों / क्रियान्वयन एजेंसियों को किफायती लागत पर आवास के निर्माण, विक्रय या किराए के लिए अनुदान प्रदान किया जावेगा।

योजना अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप योजना के क्रियान्वयन से पूर्व नगरीय निकाय में संभावित पात्र हितग्राहियों की सूची भारत सरकार के यूनिफाईड वेब पोर्टल पर दर्ज किये जाने हेतु रैपिड असेसमेंट सर्वे का कार्य संपादित किया जाना है।बता दे कि राज्य शासन द्वारा दिनांक 15 नवम्बर, 2024 से रैपिड असेसमेंट सर्वे प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतएव संलग्न दिशा–निर्देशों के अनुरूप नगरीय निकायों में रैपिड असेसमेंट सर्वे का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए है। पीएम आवास योजना 2.0 शुरू, शहरी गरीब परिवारों को घर के साथ–साथ आर्थिक मदद भी जान लें नया नियम।

पीएम आवास योजना में कई अहम बदलाव के साथ अब योजना के 2.0 भी शुरू हो गया है। जिसके तहत हितग्राहियों को कई फायदें होंगे। ऐसे में नियम क्या है ये आपको पता होनी चाहिए। सरकार ने पीएम आवास योजना 2.0 भी शुरू कर दी है। इसके तहत सरकार का मकसद मध्यम वर्ग और शहरी गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता देना है। योजना के तहत शहरी क्षेत्र में किफायती दर पर मध्यम वर्ग के परिवारों को घर मुहैया करवाए जाएंगे। केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए गाइडलाइन भी जारी कर दी है। इसे राज्यों ने भी अपने यहां लागू करना शुरू कर दिया है। राज्यस्तर पर इसकी प्लानिंग नए सिरे की जा रही है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा पीएम आवास योजना 2.0 के पात्र हितग्राहियों को निवास प्रमाण–पत्र 31 अगस्त 2024 के पहले का प्रस्तुत करना होगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है।

पीएम आवास योजना:पीएम आवास योजना के अपात्र हितग्राहियों को भी मिलेगा घर, बस करना होगा यह काम।पीएम आवास योजना 2.0 के नियम पीएम आवास योजना 2.0 के तहत आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (ईब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के लोगों को सरकार की ओर से लाभ दिया जाएगा। नियमों के मुताबिक, इनमें से जिन लोगों के पास देश में कहीं भी पक्का घर नहीं है। उन्हें पक्के घर के लिए सहायता दी जाएगी।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 146वीं तिमाही समीक्षा (ई) बैठक संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 146वीं तिमाही समीक्षा (ई) बैठक 13 नवम्बर 2024 को कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति पवन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कार्यपालक निदेशकगण, विभाग प्रमुखगण तथा विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारीगण ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे।

अपने उद्बोधन में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि, हमें हिंदी में कार्य करने की दिशा में आगे भी अधिक प्रयासशील रहना है। हिंदी में कामकाज करने में आनेवाली कठिनाइयों को चरणबद्ध ढंग से दूर किया जा सकता है, तकनीकी शब्दावलियों के लिए समतुल्य शब्दों की तलाश करने की बजाय उन्हें यथारूप ही लिखें, पर शेष मसौदे को हिंदी में लिखें, इस प्रकार धीरे–धीरे हिंदी में संपूर्ण कामकाज होने लगेगा और हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। पवन कुमार ने कहा कि हिंदी के प्रचार–प्रसार में साहित्यिक रचनाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान होता है। भिलाई में खेल, कला, साहित्य, संस्कृति आदि समस्त क्षेत्रों में प्रतिभाएँ अपार हैं, उन्हें प्रोत्साहन प्रतिष्ठित मंच उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। महाप्रबंधक सौमिक डे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमने विगत तिमाही से तिमाही रिपोर्ट प्रेषण प्रणाली को ऑनलाइन माध्यम से आरंभ किया है। तिमाही रिपोर्ट ऑनलाइन माध्यम से ही प्रेषित करें।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...

यूरोप जाने हॉकी खिलाड़ी गीता यादव का चयन

रायपुर। यूरोप में होने वाले हॉकी अंडर 21 वूमेन प्रतियोगिता में जिले के बोड़ला नगर की महिला खिलाड़ी अपने खेल प्रतिभा का जोहर दिखाएंगी। जानकारी के मुताबिक इस प्रतियोगिता के लिए देश के कुल 24 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिसमें कवर्धा जिले के बोड़ला में रहने वाली गीता यादव भी चयनित खिलाड़ियों में से एक है। जो पूरे प्रदेश और जिले के लिए गौरव की बात है। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश से सिर्फ दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसमें गीता यादव और अनिशा साहू शामिल है। गीता यादव कवर्धा जिले की पहली हॉकी खिलाड़ी है जो विदेश में होने वाली 12 नवंबर से 21 नवंबर तक आयोजित टूर्नामेंट में भारत के लिए खेलेंगी। इस प्रतियोगिता के तहत कुल 6 मैच की सीरिज में 3 मैच निदरलैंड में और 3 मैच के बेलजीयम में खेला जाएगा। दिसंबर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के लिए यूरोप टूर का आयोजन भी किया गया है।

समाज हमेशा मुख्यमंत्री व भाजपा का आभारी रहेगा : मिश्रा

नुआखाई पर अवकाश घोषित करने पर विधायक पुरंदर मिश्रा ने उत्कल समाज की ओर से जताया मुख्यमंत्री का आभार

श्रीकंचनपथ न्यूज

प्रदेश मीडिया विभाग
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के विधायक (रायपुर उत्तर) पुरंदर मिश्रा ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा ऋषि पंचमी को नुआखाई के दिन हर वर्ष छत्तीसगढ़ के उत्कल बहुल जिलों में स्थानीय अवकाश घोषित करने के लिए जिला कलेक्टर्स को निर्देशित करने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री मिश्रा ने अपनी प्रेस ब्रीफ में पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि प्रदेश के शेष जिलों में नुआखाई पर्व पूर्ववत ऐच्छिक अवकाश के रूप में सूचित रहेगा।

भाजपा विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि पिछले अगस्त माह में इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय को उन्होंने (स्वयं श्री मिश्रा ने) छत्तीसगढ़ प्रदेश उड़िया समाज द्वारा प्रस्तुत आवेदन के साथ पत्र लिखकर नुआखाई पर्व पर शासकीय अवकाश घोषित करने के लिए निवेदन किया था। छत्तीसगढ़ एक उड़िया भाषा-भाषी बहुल प्रदेश है एवं उड़िया समाज अनादिकाल से अपनी अभिन्न संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों को संवर्धित और संरक्षित करने के लिए जाना जाता है। श्री मिश्रा ने कहा कि नुआखाई पर्व उड़िया समाज का परंपरागत प्रमुख लोक त्यौहार है। यह पर्व नई फसल के आगमन खुशी में उड़िया समाज बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाता है।

इस दिन नई फसल से भोग बनाकर कई प्रकार के व्यजंनों के साथ छत्तीसगढ़ के लोग अपने ईष्ट देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करते है एवं परंपरागत रूप से किसानों का आभार व्यक्त करते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश उड़िया समाज द्वारा शासकीय अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया गया था। श्री मिश्रा ने इसी आवेदन के साथ एक पत्र लिखकर मुख्यमंत्री श्री साय को नुआखाई तिहार पर छत्तसगढ़ में शासकीय अवकाश घोषित करने का निवेदन किया था, जिसे स्वीकार करते हुए प्रदेश शासन ने हर वर्ष छत्तीसगढ़ के उत्कल बहुल जिलों में स्थानीय अवकाश घोषित करने के लिए जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि ओड़िशा प्रदेश के सीमावर्ती होने के कारण प्रदेश के रायपुर, दुर्ग, महासमुंद और रायगढ़ जिले उत्कल बहुल जिले हैं।

भाजपा विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में समाज के जशपुर से लेकर सरगुजा तथा सराईपाली से लेकर जगदलपुर तक 24 विभिन्न समुदाय के लोग निवासरत हैं। प्रदेश के 10 जिले, 32 विधानसभा क्षेत्र में निवासरत 35 लाख उड़ियाभाषी प्रसिद्ध एवं महत्वपूर्ण पर्व ऋषि पंचमी नुआखाई के पवित्र अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य में स्थानीय अवकाश की घोषणा से आनंदित एवं हर्षोल्लासित हैं। पूर्व में उक्त अवसर पर ऐच्छिक अवकाश घोषित था। श्री मिश्रा ने मंगलकामना की कि भगवान श्री जगन्नाथ जी के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त निवासी खुशहाल एवं आनंदित रहें, प्रदेश में शांति, अमन-चैन बना रहे एवं राज्य निरंतर उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर हो। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा के प्रति छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त उड़ियाभाषी की ओर से श्री मिश्रा ने हृदय से आभार व्यक्त किया है। प्रेस ब्रीफ में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी उपस्थित रहे।

विद्यार्थी जीवन में खेलों का बहुत बड़ा महत्व है, इससे शरीर स्वस्थ व मजबूत बनता है : डॉ. गिरिश चंदेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25
East Zone Inter College
Sports Meet
2024-25

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय रायपुर में पूर्वी क्षेत्रीय अन्तर्महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता 2024 की शुरूआत हुई। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने पूर्वी क्षेत्रीय अन्तरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पूर्वी क्षेत्रीय अन्तरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय रायपुर, स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर, खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर, कृषि महाविद्यालय, महासमुंद, कृषि महाविद्यालय भाटापारा, कृषि महाविद्यालय, मर्रा, पाटन तथा कृषि महाविद्यालय, गरियाबंद के 270 प्रतिभागी शामिल हुए जिनमें 160 छात्र एवं 110 छात्राएं हैं। 11 से 13 नवम्बर, 2024 तक आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न क्रीड़ा स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस अन्तरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत व्यक्तिगत स्पर्धाओं में लम्बी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जंप, भाला फेंक, गोला फेंक, डिस्क थ्रो, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, हर्डल दौड़ तथा 4ग100 मीटर एवं 4ग400 मीटर रिले दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सामूहिक स्पर्धाओं के अंतर्गत वॉलीबाल, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है।

खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का बहुत महत्व है। इससे शरीर स्वस्थ एवं मजबूत बनता है एवं बच्चों में टीम स्पिरिट तथा खिलाड़ी भावना का विकास होता है जो भविष्य में उन्हें सफल एवं अनुशासित नागरिक बनने में योगदान देते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से आव्हान किया कि वे अपनी पूरी क्षमता तथा मेहनत के साथ प्रतियोगिता में भाग लें तथा सफलता अर्जित करें। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलायी।

उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित समस्त कृषि महाविद्यालयों को चार जोन में विभाजित किया गया, जिसमें पूर्वी क्षेत्र के अन्तर्गत 11 महाविद्यालय आते हैं। पूर्वी क्षेत्रीय अन्तरमहाविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिता में सात महाविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया है। विश्वविद्यालय के पश्चिम, उत्तर एवं दक्षिण जोन के 28 महाविद्यालयों में भी अन्तर महाविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यलाय के समस्त कृषि महाविद्यालयों के चार जोन में आयोजित होने वाले अन्तर महाविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिता से प्रत्येक जोन के चयनित 40-40 विद्यार्थियों का एक टीम गठित किया जाएगा जो विश्वविद्यालय स्तार पर आयोजन होने वाली अंतर विश्वविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिता में अपने-अपने जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे। चारों जोन की विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित हाने वाली खेल-कूद प्रतियोगिता से चयनित 40 विद्यार्थियों की एक राष्ट्रीय टीम का गठन किया जाएगा जो इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अन्तर कृषि विश्वविद्यालयों खेल-कूद प्रतियोगिता में करेंगे।

शुभारंभ समारोह में आयोजन समिति के अध्यक्ष कृषि महाविद्यालय, रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा तथा निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस.एस. टुटेजा ने भी संबोधित किया। कृषि महाविद्यालय, रायपुर के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आर.के. ठाकुर ने स्वागत स्वागत भाषण देते हुए प्रतियोगिता के रूप-रेखा प्रतिपादित की। इस अवसर पर संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक प्रक्षेत्र एवं बीज डॉ. राजेन्द्र लाकपाले, अधिष्ठाता खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, डॉ. ए.के. दवे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर डॉ. विनय पाण्डेय एवं पूर्वी क्षेत्रीय अन्तरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने वाले समस्त सात महाविद्यालयों के टीम मैनेजर, रैफरी एवं रायपुर स्थित तीनों महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आयोजन सचिव डॉ. सुबुही निषाद ने अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन किया।

छग चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला चेम्बर ने मनाया दीपावली मिलन

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष मधु ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला चेम्बर द्वारा 9 नवम्बर, दिनङ्क शनिवार 2024 को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन चौधरी देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में संपन्न हुआ जिसमे महिला चेंबर के पदाधिकारी सहित समस्त सदस्य गण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा जी ने समारोह के शुभारंभ में सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अतिथियों सहित प्रदेश के समस्त आम जनता को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की साथ ही समारोह में उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। समारोह में महिला चेम्बर ने रंगारंग कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे वहां उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तत्पश्चात प्रतिभागियों एवं सदस्यों को पुरस्कार वितरण किया गया।

श्रीमती मधु अरोरा जी ने महिला चेंबर के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों को संबोधित कर कहा कि दीपों का यह पर्व लोगों के जीवन में सुख समृद्धि और शांति लाती है, इस पावन अवसर पर आओ हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि स्वयं के अन्दर की बुराई रूपी अँधेरे को इस दीपावली पर्व के रौशनी से हमेशा के लिए मिटाएं। कार्यक्रम के अंत में महिला चेंबर द्वारा चेंबर के कर्मचारियों को दीपावली उपहार भेंट किया गया।

मां गंगा विप्र कल्याण संघ का पुरोहित सम्मान समारोह का सफल आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

मां गंगा विप्र कल्याण संघ
(प्रांतीय स्तरीय संगठन, प्रान्त - छ.ग.)
विप्र परिवार दीपोत्सव मिलन एवं पुरोहित सम्मान समारोह
आयोजक - मां गंगा विप्र कल्याण संघ रायपुर (छ. ग.)

रायपुर। मां गंगा विप्र कल्याण संघ के तत्वावधान में आयोजित दीपोत्सव मिलन एवं पुरोहित सम्मान समारोह का आयोजन वृंदावन हॉल, सिविल लाइंस, रायपुर में हर्षोल्लास के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस भव्य समारोह में सैकड़ों की संख्या में अतिथियों और आमंत्रितों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि डॉ. सचिदानंद शुक्ल, कुलपति, पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर, और विशिष्ट अतिथि देवेंद्र नारायण शुक्ल, सेवानिवृत्त जनरल मैनेजर (फाइनेंस), कोल इंडिया लिमिटेड, ने अपने सारगर्भित उद्बोधन से समारोह की गरिमा बढ़ाई।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया 100 से अधिक परिवारों और रायपुर शहर के 50 से अधिक पुरोहितों की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। उद्घाटन सत्र से लेकर दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना, भगवान परशुराम जी और श्रीराम जी की स्तुति ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। संघ के आजीवन सदस्यों और कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय और प्रमाण पत्र वितरण समारोह का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। 50 से अधिक पुरोहितों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई।

इस वर्ष मां गंगा विप्र कल्याण संघ प्रतिभा सम्मान में पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रिंट मीडिया से प्रवीण पाठक और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संदीप शुक्ला को उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। सभी आगंतुकों और अतिथियों को एक-एक तुलसी का पौधा वितरित किया गया, ताकि वे पर्यावरण शुद्धता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश ले जा सकें। यह आयोजन विशेष रूप से तुलसी विवाह (एकादशी) के नजदीक होने के कारण और अधिक महत्वपूर्ण बन गया।

संघ के महासचिव ज्ञान प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि संगठन का उद्देश्य विभिन्न विचारधाराओं और संगठनों में विभाजित ब्राह्मण समाज को एक मंच पर लाना है। मुख्य अतिथि डॉ. सचिदानंद शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में एक विशेष अभियान की शुरुआत की जा रही है, जिसके तहत जरूरतमंद विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा दी जाएगी। इस अभियान में सरकारी सहायता नहीं ली जाएगी, बल्कि सामाजिक फंड का उपयोग किया जाएगा।

डॉ. शुक्ल ने कहा, किसी भी समाज को नकारात्मक विचारों से दूर रहकर कार्य करने की आवश्यकता है। विप्र कल्याण संघ अन्य संगठनों और समाज के लिए एक उदाहरण बन सकता है। संघ के संरक्षक एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर, रामकुंड के महंत स्वामी वेद प्रकाशाचार्य ने भी उपस्थित लोगों से पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए दीपावली और अन्य पर्वों पर पटाखे न फोडने् की अपील की। उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति की पताका फहराना हमारा लक्ष्य है, न कि पटाखे फोड़ना।

पंचाह्निका महोत्सव के अंतिम दिन हुई संयम उपकरणों की वंदना

रायपुर। श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर के आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 में जारी पंचाह्निका महोत्सव के पांचवे अंतिम दिन श्री संयम उपकरणों की आराधना की गई। यह आयोजन रायपुर पुत्र रत्न तपस्वी मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा.के संयम रजत वर्ष के निमित्त हुआ। इस अवसर संयम उपकरणों एवं ज्ञान साहित्यों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। समाज के सभी श्रावक- श्राविकाओं ने अवलोकन कर इनके महत्व को जाना। इस पावन मौके पर मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. ने संयम उपकरणों की महत्ता को बताया। मुनिश्री ने कहा कि दीक्षा के समय मुमुक्षु को संयम जीवन के सारे उपकरण दिया जाता है। दीक्षा के समय रजोहरण जरूर दिया जाता है लेकिन एक रजोहरण मिल जाने से दीक्षा के सारे उपकरण नहीं मिलते। रजोहरण के साथ सभी उपकरणों को प्रदान किया जाता है। संयम जीवन के सारे उपकरण मुमुक्षु को प्रदान किए जाते हैं। सभी का बड़ा महत्व है। मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने कहा कि आज संयम के उपकरणों को हम वंदना कर रहे हैं। आज सभी की नजर के समक्ष संयम के एक-एक उपकरण हैं। इन उपकरणों का महत्व न केवल साधु के लिए बल्कि समस्त श्रावकों के लिए भी है। प्रत्येक श्रावक भी साधु जीवन का उम्मीदवार है। यदि साधु जीवन का उम्मीदवार बने रहना है तो उपकरणों का सत्संग भी जरूरी है। गुरु का सत्संग, साहित्य का सत्संग,इसी तरह से उपकरणों का सत्संग भी करना जरूरी है। उपकरण ही आपको याद दिलाएंगे कि मैं साधु जीवन का उम्मीदवार हूं। मुनिश्री ने कहा कि प्रत्येक श्रावक के घर में एक रजोहरण होना ही चाहिए। रजोहरण ही श्रावक को हमेशा लक्ष्य याद दिलाएगा कि इसे एक दिन मुझे लेना ही है,इसके बिना तीर्थंकरों का भी उद्धार नहीं हुआ। ऐसे अनेक उपकरण आंख में आएंगे तब वह आपको याद दिलाएंगे की मेरा असली स्वरूप यही है। मैं सच में साधु जीवन का उम्मीदवार हूं।

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत फिर से विश्व गुरु की गरिमा हासिल कर चुका -रत्नावली

संगठन महामंत्री पवन साय से भेंट कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की भाजपा नेत्री रत्नावली कौशल ने

श्रीकंचनपथ न्यूज

मुंगेली। भाजपा नेत्री एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन की पूर्व सदस्य रत्नावली कौशल ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय से भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच संगठनात्मक मुद्दों और संगठन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर सार्थक चर्चा हुई।

भाजपा नेत्री रत्नावली कौशल ने भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री साय का स्वागत करने के बाद सुश्री कौशल ने संगठन से जुड़े अहम मसलों पर चर्चा की। उन्होंने बातचीत के दौरान पार्टी संगठन में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी और बढ़ाने का आग्रह श्री साय से किया। भाजपा नेत्री रत्नावली कौशल ने उन्हें बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों और दोनों सरकारों की जन हितैषी योजनाओं के परिणाम स्वरुप भाजपा के प्रति महिलाओं, युवाओं, छात्र छात्राओं, किसानों, आदिवासियों, अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों का भरोसा भाजपा के प्रति बढ़ा है। लोगों को विश्वास है कि एकमात्र भारतीय जनता पार्टी देश और देशवासियों का कल्याण कर सकती है।

रत्नावली कौशल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा भारत वर्ष फिर से विश्व गुरु की गरिमा हासिल कर चुका है। विश्व के जो देश महाशक्ति कहलाते हैं वे भी अब भारत के सामने नत मस्तक होने लगे हैं। हमें अपने प्रधानमंत्री और पार्टी नेतृत्व पर गर्व है। आप सभी वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में पार्टी की विचारधारा,नीतियों को अपने क्षेत्र की महिलाओं के बीच पहुंचाने का काम मैं सतत करती आ रही हूं। हमारी माता बहनों का कहना है कि एकमात्र भारतीय जनता पार्टी में ही महिलाओं को भरपूर सम्मान मिलता है।

सुश्री कौशल ने महामंत्री पवन साय को मातृशक्ति की मंशा से अवगत कराते हुए कहा कि हमारी माता बहनें सत्ता, संगठन, निगम, मंडलों एवं प्राधिकरणों में पर्याप्त भागीदारी चाहती हैं। उनकी मंशा है कि इन सभी इकाईयों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। आगे होने वाले स्थानीय निकायों के चुनाव को लेकर भी महिला वर्ग में भारी उत्साह है। त्रिस्तरीय पंचायती राज के चुनाव में महिलाएं बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहती हैं। सुश्री कौशल ने भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय से आग्रह किया कि महिलाओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए आप इस दिशा में त्वरित एवं उचित कदम उठाएं। श्री साय ने रत्नावली कौशल से कहा कि आपके सुझाव स्वागत योग्य हैं और इस पर जरूर ध्यान दिया जाएगा।

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई,
न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट,
पावर हाउस, भिलाई

BIHAR
BOOT HOUSE
Jawahar Market,
Power House
Bhilai 9826181183

सुबह उठने पर महसूस होती है थकान? ऊर्जा के लिए खाएं ये 5 खाद्य पदार्थ

कई लोगों को सुबह उठने में आलस आता है, जिसके कारण वे दिनभर थकान महसूस करते हैं। ऐसे में काम-काज में मन नहीं लगता और शरीर में दर्द होने लगता है। अगर आपको भी सुबह उठकर थकान होती है, तो अपनी डाइट में ये 5 खाद्य पदार्थ शामिल करें। इनके सेवन से आपको तुरंत ऊर्जा मिलेगी और आप तरो-तजा महसूस करेंगे। इन खाद्य पदार्थों के जरिए आपके स्वास्थ्य का समर्थन होगा और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ जाएगी।

केले

केला एक बेहद पौष्टिक फल है, जो ऊर्जा बढ़ाने में योगदान दे सकता है। कई अध्ययनों से सामने आया है कि केले का सेवन करने से शरीर अधिक सक्रीय बन जाता है। इस फल में पर्याप्त मात्रा में पोटैशियन, फाइबर, विटामिन और कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो आपकी सुबह की थकान को मिटाने और आपको स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। आप ऊर्जा बढ़ाने के लिए अपनी डाइट में ये पेय पदार्थ शामिल कर सकते हैं।

बेरी

बेरी एंटीऑक्सिडेंट और फाइबर से भरपूर होती हैं, जो ऊर्जा बढ़ाने में मदद कर सकती हैं। रास्पबेरी और ब्लैकबेरी शरीर को ऊर्जावान बनाने की क्षमता रखती हैं, जिनके सेवन से आप सुबह के वक्त भी सक्रिय रह सकते हैं। वहीं, ब्लूबेरी न केवल थकान दूर करने में सहायता करती है, बल्कि इन्हें खान-पान का हिस्सा बनाने से याददाश्त भी मजबूत होती है। आप बेरी की स्मूदी बनाकर पी सकते हैं या इन्हें सब्जा के बीज के साथ खा सकते हैं।

हरी पत्तेदार सब्जियां

सर्दियों का मौसम शुरू होने वाला है, जिस दौरान बाजार में हरी पत्तेदार सब्जियां मिलने लगती हैं। आप सुबह उठकर बथुआ, पालक और सेम आदि जैसी पत्तेदार सब्जियां खा सकते हैं, जो थकान को मिटाने में सहायक होती हैं। पालक आयरन का एक बढ़िया स्रोत है, जो कोशिकाओं तक ऑक्सीजन पहुंचाकर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। आप इन सब्जियों से सूप, पालक पनीर की सब्दी, सलाद और अन्य व्यंजन बनाकर भी खा सकते हैं।

सब्जा के बीज

जब से लोग अपनी सेहत को लेकर अधिक जागरूक होना शुरू हुए हैं, तब से सब्जा के बीज नाश्ते का लोकप्रिय विकल्प बन गए हैं। यह बीज शरीर की ऊर्जा को बढ़ाने में बेहद मददगार साबित हो सकता है। इसमें कई एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो आपको सक्रिय बना सकते हैं। आप इससे स्मूदी, पुडिंग और कई तरह के पेय तैयार कर सकते हैं और उन्हें सुबह की डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

दही

दही एक प्रोटीन युक्त डेयरी उत्पाद है, जिसके सेवन से पेट को ठंडक पहुंचती है और तृप्ति की भावना बढ़ती है। न्यूट्रिएंट्स जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि इसमें प्रोबायोटिक्स मौजूद होते हैं, जो आंत के स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं और ऊर्जा के स्तर को बढ़ा सकते हैं। आप सुबह एक कटोरी सादा दही खा सकते हैं, इससे छाछ बनाकर पी सकते हैं या इसमें फल डालकर खा सकते हैं।

सिकंदर का मुकद्दर की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, पहला पोस्टर आया सामने

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म सिकंदर का मुकद्दर को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इस फिल्म में उनके साथ जिमी शेरगिल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अविनाश तिवारी भी इस फिल्म का अहस हिस्सा हैं।अजय देवगन और तब्बू की फिल्म औरों में कहां दम था का निर्देशन कर चुके नीरज पांडे ने सिकंदर का मुकद्दर के निर्देशन की कमान संभाली है।अब सिकंदर का मुकद्दर की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है।

सिकंदर का मुकद्दर सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म को आप 29 नवंबर, 2024 से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।इसके साथ सिकंदर का मुकद्दर का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसमें तमन्ना, जिमी और अविनाश की तिकड़ी कमाल दिख रही है।नेटफ्लिक्स इंडिया ने पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, तीन अरोपी, लेकिन कौन अप्राधि? केस जल्दी ही खुल जाएगा।

स्पेशल 26, बेबी और एमएस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी जैसी फिल्में बना चुके नीरज पांडे आखिरी बार अजय देवगन और तब्बू की औरों में कहां दम था में नजर आए थे। इस नई फिल्म की कहानी 60 करोड़ के हीरे की चोरी, उसकी तलाश और एक पुलिस इंस्पेक्टर की जिद के इर्द-गिर्द घूमती है।

तमन्ना भाटिया इस साल स्त्री 2 में अपने कैमियो और आइटम डांस नंबर आज की रात से काफी चर्चा में रही हैं। वह तेलुगु फिल्म ओडेला 2 में भी नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसके अलावा वह करण जौहर के बैनर तले बनी डेयरिंग पार्टनर्स में भी नजर आएंगी।

शक्तिमान बन फिर धूम मचाएंगे मुकेश खन्ना, सुपरहीरो ने दिखाई पहली झलक

90 के दशक में धमाका कर शक्तिमान सभी का सुपरहीरो से सुपर टीचर बन गया। बच्चों से लेकर बड़ों तक हर किसी को मुकेश खन्ना का किरदार इतना पसंद है कि आज भी लोग उनके इस धारावाहिक के बारे में बात करते रहते हैं। टीवी पर 1997 से 2005 तक राज करने वाला ये बेहतरीन शो रविवार के दिन दोपहर के 12 बजे प्रसारती होता था। इसी वजह से इसे दूरदर्शन का सबसे कल्ट शो माना जाता है। अब एक बार फिर शक्तिमान लोगों के बीच चर्चा में आ गया है। इस मशहूर शो के साथ देश के सबसे पसंदीदा सुपरहीरो मुकेश खन्ना वापसी करने के लिए तैयार हैं।

मुकेश खन्ना ने अपने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों को एक खुशखबरी दी है और अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल भीष्म इंटरनेशनल पर एक टीजर भी शेयर किया है। टीजर के साथ उन्होंने लिखा, उनके लौटने का समय आ गया है। हमारे पहले भारतीय सुपर टीचर- सुपर हीरो का। हां! जैसा कि अंधकार और बुराई आज के बच्चों पर हावी हो रही है। उनके लौटने का समय आ गया है। वह एक संदेश लेकर लौटे हैं। वह एक शिक्षा लेकर लौटे हैं। आज की पीढ़ी के लिए। उनका स्वागत करें। दोनों हाथों से अभी देखें टीजर।

आयरन मैन, स्पाइडर मैन और बैटमैन जैसे सुपरहीरो के भारत में छाने से पहले एक ऐसे सुपरहीरो का बोलबाला था, जिसे शायद कभी कोई नहीं भूल सकता है और उनका नाम शक्तिमान है। ये हीरो स्क्रीन पर एक बार फिर रोमांचक वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। क्लिप में मुकेश को शक्तिमान के रूप में दिखाया गया है। वह एक स्कूल परिसर में उतरते दिखाई दे रहे हैं जहां वह गाना शुरू करता है, आजादी के दीवानों ने जंग लड़ी फिर जाने दी, अंग अंग कट गए मगर अंच वतन पर न आने दी। वह चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस जैसे नायकों की तस्वीरों को देखते हुए यह गीत गाते हैं।

शक्तिमान एक टीवी सीरीज थी जो 1997 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुई थी। मुकेश खन्ना द्वारा अभिनीत इस शो में किटू गिडवानी, वैष्णवी, सुरेंद्र पाल और टॉम ऑल्टर जैसे कलाकार थे। ये 90 के दशक का सबसे पॉपुलर शो रहा और लगभग आठ वर्षों में 450 एपिसोड प्रसारित हुए। शक्तिमान का किरदार एक सुपरह्यूमन है, जिसमें रहस्यमयी और अलौकिक शक्तियां हैं जिसे संतों के एक रहस्यमयी संप्रदाय द्वारा दुनिया में बुराई से लड़ने का काम सौंपा गया है।

फिल्म कंगुवा के योलो-यू ओनली लिव वन्स गाने में दिशा पाटनी का था डीप क्लीवेज एक्सपोजर, सेंसर बोर्ड ने जताई आपत्ति

कंगुवा फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में सूर्या और दिशा पाटनी पर फिल्माया गया दूसरा सिंगल योलो- यू ओनली लिव वन्स रिलीज किया है। इस एनर्जेटिक ट्रैक में सूर्या और दिशा एक साथ हैं, जिसे रॉकस्टार डीएसपी के नाम से फेमस देवी श्री प्रसाद ने कंपोज किया है।

ट्रैक को सीबीएफसी द्वारा चेक किया गया है, जिसमें दिशा पाटनी का डीप क्लीवेज एक्सपोजर दिखाई दे रहा है। सीबीएफसी ने इस हिस्से को तीन सेकंड के लिए मोडिफाई या हटाने की सलाह दी है, लेकिन आखिरी फैसला प्रोड्यूसर का होगा।

कंगुवा फिल्म के दिशा पाटनी के ग्लैमरस गाने में दिखे शानदार लुक ने सेंसरशिप विवाद के बावजूद फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है, जो फिल्म की रिलीज के लिए बेसब्री को और बढ़ा रहा है।

फिल्म, जो स्टूडियो ग्रीन और यूवी क्रिएशन्स के बैनर तले बनाई गई है, शानदार विजुअल्स से भरपूर होगी, जिसकी सिनेमैटोग्राफी वेट्री पलानीसामी ने की है और एडिटिंग निषाद यूसुफ ने की है। बॉबी देओल इस फिल्म में विलेन के रूप में नजर आने वाले हैं और फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी।

कंगुवा 14 नवम्बर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज का दिन पास आता जा रहा है, इसकी उत्सुकता भी बढ़ती जा रही है, खासकर योलो सॉन्ग के जबरदस्त हिट होने के बाद से।

सूर्या और डायरेक्टर शिवा का यह शानदार कोलैबोरेशन एक बार फिर पर्दे पर दिखेगा, और यह फिल्म इस साल की मच अवेटेड ब्लॉकबस्टर बनती नजर आ रही है।

कंगुवा की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के इंडिया में पहले दिन के 18037 से ज्यादा टिकट से बिक चुके हैं। एडवांस बुकिंग से ही अब तक कंगुवा ने 30 ।7 लाख रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। अगर ब्लॉक सीट्स की संख्या जोड़ दी जाए तो ये कमाई 83 ।73 लाख रुपये पहुंच रही है।

लहंगा चोली पहन अवनीत कौर ने कैमरे के सामने दिए किलर पोज, दिलकश अदाओं से लूटी लाइमलाइट

टीवी से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी हॉटनेस और स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। इन फोटोज में उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

23 साल की अवनीत कौर आए दिन फैंस को अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के विजुअल ट्रीट देती रहती हैं। उनकी हॉटनेस देखकर अक्सर फैंस अपने होश खो बैठते हैं। अब हाल ही में अवनीत कौर ने अपनी लेटेस्ट एथनिक वियर में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

अवनीत कौर ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लू कलर का लहंगा पहना हुआ था, जिसमें वो बला की खूबसूरत नजर आ रही थीं। उनका ये कातिल अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगा। कानों में इयररिंग्स और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया। इस दौरान उनकी शोख अदाओं ने फैंस के बीच महफिल लूट ली।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अवनीत कौर कैमरे के सामने प्यारी सी स्माइल देते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। उनके चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान उनके इस लुक पर चार चांद लगा रही है। बताते चलें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। फैंस भी उनकी हर एक फोटोज के पोस्ट होने का इंतजार बेसब्री से करते हैं।

क्या हवा में मौजूद बदबू भी दूर कर सकते हैं एयर प्यूरीफायर

दिवाली और ठंड के साथ प्रदूषण ने भी दस्तक दे दी है। देश के कई शहरों की हवा का एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ गया है। हवा जहरीली होने से गले में खराश, एलर्जी, जुकाम, अस्थमा और एलर्जी जैसी समस्याएं बढ़ने लगी है। हेल्दी लोगों में भी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में एयर प्यूरिफायर की डिमांड बढ़ गई है, ताकि खराब हवा साफ हो सके और खुलकर सांस ले सकें। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या एयर प्यूरिफायर हवा में मौजूद बदबू भी दूर कर करता है, इसका क्या काम होता है।

देश के कई शहरों की हवा का एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ गया है। हवा जहरीली होने से गले में खराश, एलर्जी, जुकाम, अस्थमा और एलर्जी जैसी समस्याएं बढ़ने लगी है। हेल्दी लोगों में भी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में एयर प्यूरिफायर की डिमांड बढ़ गई है, ताकि खराब हवा साफ हो सके और खुलकर सांस ले सकें। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या एयर प्यूरिफायर हवा में मौजूद बदबू भी दूर कर करता है, इसका क्या काम होता है।

एयर प्यूरिफायर में अलग-अलग तरह के फिल्टर

- 1. हेपा फिल्टर - यह फिल्टर हवा में मौजूद 99.97 प्रतिशत हानिकारक तत्वों को हटाता है।
- 2. एक्टिव कार्बन फिल्टर - यह फिल्टर हवा में मौजूद बदबू और गैसों को हटाने में मदद करता है।
- 3. आयनाइजेशन - यह तकनीक हवा में मौजूद हानिकारक तत्वों को हटाने के लिए आयनों का इस्तेमाल करती है।
- 4. यूवी लाइट - यह तकनीक हवा में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस को मारने के लिए यूवी लाइट का उपयोग करती है।

एयर प्यूरीफायर के फायदे

- 1. हवा में मौजूद बदबू को दूर करना।
- 2. एलर्जी और अस्थमा के लक्षणों को कम करना।
- 3. हवा में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस को मारता है।
- 4. सेहत को कई तरह के नुकसान पहुंचाता है।
- 5. घर में साफ हवा का लेवल बढ़ता है।

एयर प्यूरीफायर कितनी तरह का होता है

- रूम एयर प्यूरीफायर
- पोर्टेबल एयर प्यूरीफायर
- सेंट्रल एयर प्यूरीफायर
- विंडो एयर प्यूरीफायर

एयर प्यूरीफायर की खरीदारी के टिप्स

- 1. अपने घर और जरूरतों के अनुसार एयर प्यूरीफायर चुनें।
- 2. एयर प्यूरीफायर की फिल्टर क्षमता और बदलने की जरूरत रखें।
- 3. एयर प्यूरीफायर की शोर क्षमता और एनर्जी खपत पर ध्यान दें।
- 4. एयर प्यूरीफायर की वारंटी और सर्विस को देखें।

मनपसंद एप्प से ग्राहकों को मिलेगी मदिरा की उपलब्धता एवं ब्रांड की जानकारी

आबकारी विभाग लॉन्च किया मोबाइल एप्लिकेशन मनपसंद, मदिरा एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। आबकारी विभाग की सचिव आर शंगीता की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन में आबकारी विभाग की बैठक में एण्ड्राईड मोबाइल बेस्ड एप्लीकेशन मनपसंद लॉन्च किया गया। इस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से से ग्राहक न केवल मदिरा दुकानों में मदिरा की उपलब्धता के ब्राण्ड-लेबल, दुकान, कीमत अनुसार उपलब्ध सर्च ऑप्पन से ऑनलाईन जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस एप्प के माध्यम से ग्राहक मदिरा दुकान में अपनी पसंद का ब्राण्ड उपलब्ध न होने पर उसकी सुनिश्चित करने की जानकारी भी विभाग को दे सकेंगे।

इस एप्लीकेशन से मदिरा दुकानों के संचालन एवं शिकायत पर की जानकारी भी विभाग को दी जा सकेगी। आबकारी विभाग ने यह एप्प एनआईसी के सहयोग से तैयार किया गया है, जिसे गूगल प्ले स्टोर के माध्यम डाउनलोड किया जा सकता है। भविष्य में आई.ओ.एस. बेस्ड वर्जन भी शीघ्र आम जनता हेतु उपलब्ध कराया जावेगा।

इस मोबाइल एप्प की लॉन्चिंग के साथ ही आबकारी सचिव ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर समस्त उड़नदस्ता, जिला एवं छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड तथा छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन के कार्य एवं गतिविधियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की जिलेवार प्राप्ति की स्थिति की समीक्षा की और वित्तीय वर्ष के शेष माह में राजस्व लक्ष्य को हासिल करने के लिए कार्य-योजना तैयार कर उसी के अनुरूप कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने राज्य में अवैध मदिरा एवं अन्य मादक पदार्थों के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर कठोर कार्यवाही करने तथा उपभोक्ताओं की मांग अनुरूप मदिरा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आबकारी सचिव ने मदिरा दुकानों में निर्धारित दर से अधिक दर पर मदिरा का विक्रय न हो एवं मदिरा में किसी भी प्रकार की मिलावट न हो, यह सुनिश्चित करने के भी कड़े निर्देश दिये। सी.एस.एम.सी.एल. द्वारा संचालित मदिरा दुकानों में ग्राहकों की मांग अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये।

छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को मदिरा की बिक्री से प्राप्त राशि निर्धारित समयावधि में बैंक खाते में जमा कराने तथा इसमें किसी भी तरह की लापरवाही पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही के निर्देश भी दिये गये। विभाग में पेंशन एवं अनुकम्पा के प्रकरणों में संवेदशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही के निर्देश भी दिये गये। बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन एवं छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्याम लाल धावडे, विशेष सचिव (आबकारी) देवेन्द्र सिंह भारद्वाज तथा मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

क्षेत्र के स्वीकृत कार्यों पर तेजी लाएं प्रशासन : ज्योत्सना महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रही। सांसद ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। इस दौरान अनेक ग्रामों में आयोजित सभाओं को संबोधित किया।

कोरबा लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार निर्वाचित सांसद ज्योत्सना महंत ने बुधवार को पाली विकासखंड के ग्राम नानबाका, रजकम्मा, नवापारा, भेलवाटिकरा, ढोढकी व ईरफ सहित अनेक ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान रजकम्मा में सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण व ग्राम पंचायत नानबांका में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया। सांसद ने ग्रामों में आयोजित जनसंपर्क सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खनिज न्यास, अधोसंरचना मद सहित पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग सहित सांसद मद से ग्रामवासियों व जनप्रतिनिधियों की मांग पर अनेक निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्यों में तीव्रता लाने स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया गया है। सांसद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को धान का समर्थन मूल्य समय पर भुगतान और पूरी-पूरी धान खरीदी की जाए इसके लिए कांग्रेसजन किसानों से सतत संपर्क बनाए रखेंगे। सांसद ने कहा कि तानाखार विधानसभा के दूरस्थ व वनांचल ग्रामों की मूलभूत समस्याओं को लेकर स्थानीय प्रशासन से वे संवाद बनाए हुए हैं। क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए हम सभी जनप्रतिनिधि सजग है। सांसद ने ग्रामीणों की मांग पर अनेक कार्यों की स्वीकृति मौके पर प्रदान करते हुए कहा कि अनेक ग्रामों में जल जीवन मिशन के कार्यों में और भी गति लाने की आवश्यकता है।

सांसद के दौरे के दौरान पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा, पीसीसी के महासचिव प्रशांत मिश्रा, कांग्रेस प्रत्याशी रही श्रीमती दिलेश्वरी सिदार, मनोज चौहान, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष यशवंत लाल, बीडीसी पाली निलेश यादव, निलेश अहीर, नानबांका के उप सरपंच कौशिल्या देवी सिदार, उप सरपंच माखन सिंह नेटी, रजकम्मा के सरपंच गौरमती ध्रुव शामिल रहे। सांसद ने अपने क्षेत्रीय दौरे पर आदिशक्ति मां अश्ववाहिनी कोटमाई समलाई दाई के मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

पीएम सूर्यघर योजना से घर में ही 300 यूनिट तक बिजली का होगा उत्पादन

श्रीकंचनपथ न्यूज

गरियाबंद। केन्द्र सरकार द्वारा लोगों के घर में ही बिजली उत्पादन कर उन्हें मुफ्त बिजली का लाभ देने प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत लोगों को अपने घरों में रूफ्टॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने लोगों को पीएम सूर्य घर योजना के संबंध में जागरूक करने 8 जागरूकता वाहन को कलेक्टर परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिले में कुल 17 नग फ्यूज ऑफ कॉल वाहनों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में ऑडियो संदेश एवं पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स के माध्यम से लोगों को इस योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जायेगा। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने लोगों को पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने के लिए अपने घरों में रूफ्टॉप सोलर प्लांट लगाने की अपील की। इस योजना से घर में ही बिजली उत्पादन होने से मुफ्त बिजली का लाभ मिल सकेगा। घर में सोलर सिस्टम लग जाने से सूर्य की रौशनी से ऊर्जा का उत्पादन होगा। जिससे लोगों को घरेलु उपयोग के लिए मुफ्त में बिजली मिल सकेगी। इस योजना के तहत तीन किलोवाट क्षमता के रूफ्टॉप सोलर संयत्र स्थापित करने से प्रतिमाह 300 यूनिट तक बिजली उत्पादित होगी। शासन द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को अपने घरों में 1, 2 एवं 3 किलोवाट क्षमता के संयत्र स्थापित करने की सुविधा दी रही है। इसमें उपभोक्ताओं को शासन की ओर से विशेष रियायत भी दी जायेगी। साथ ही शेष राशि को बैंक के माध्यम से चुकाने के लिए ऋण भी प्रदान किया जयेगा।

लोगों को पीएम सूर्यघर योजना का दिलाये लाभ - कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने पीएम सूर्यघर योजना के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने लोगों को शासन की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्यघर योजना का लाभ दिलाने सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस योजना के तहत घर में ही सोलर सिस्टम के माध्यम से बिजली पैदा होगी। जिससे लोगों को नि:शुल्क बिजली का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि योजना से जोड़ने अधिक से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को योजना के बारे में जानकारी दी जाए। साथ ही उन्हें योजना के तहत आवेदन करने और सोलर सिस्टम लगाने प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने समयबद्ध तरीके से कार्य योजना बनाकर सभी उपभोक्ताओं से संपर्क कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। साथ ही सभी क्षेत्रों में विशेष कैम्प लगाकर बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ने विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य नागरिकों को सस्ती और स्थायी ऊर्जा मुहैय्या कराना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सौर पैनलों के माध्यम से घरेलू उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पन्न करने पर जोर देती है। इससे न केवल बिजली की कमी को दूर किया जा सकेगा, बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। योजना का एक अन्य लाभ है कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पहुंच बढ़ाने में मदद करेगी, जिससे वहां की जीवनशैली में सुधार होगा। सौर ऊर्जा का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है। इस दौरान बैठक में अधीक्षण अभियंता सीएसपीडीसीएल महासमुंद शंकेश्वर कंवर, प्रोजेक्ट इंजीनियर विवेक बंछोर, कार्यपालन अभियंता गरियाबंद अतुल तिवारी सहित जिले के वितरण केन्द्रों के कनिष्ठ अभियंता मौजूद रहे।

बैगा ग्रुप की अनूठी पहल, छत्तीसगढ़ की संस्कृति व परंपरा को रखा जीवंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ की लोक कलाकारों और लोक संस्कृति को सजोए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाली संस्कारधानी की संस्था बैगा ग्रुप राजनांदगांव द्वारा कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादसी 12 नवंबर मंगलवार को तुलसी विवाह के साथ ही पौराणिक व छत्तीसगढ़ की संस्कृति व मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादसी के अवसर पर भूर्री जलाकर आने वाली ऋतु का स्वागत कल रात्रि में किया गया।

बैगा ग्रुप द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया कि महुवा झरे, नई माने काली, हर हर भोला के साथ ही 40 से अधिक आडिओ और विडियो कैसेट सुवा, ददरिया, कर्मा, जस गीत एवं छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत में मांग सजादे सजना के माध्यम से लोक संस्कृति व लोक कलाकारों को हमेशा आगे लाने वाली नगर की संस्था बैगा ग्रुप ने अपने 33 साल से भी अधिक समय से छत्तीसगढ़ की पौराणिक परंपरा देवउठनी एकादसी पर भगवान सालिगराम व तुलसी माता के विवाह पश्चात छत्तीसगढ़ की संस्कृति व मान्यता अनुसार भूर्री जलाने की प्रथा को इस बार भी आयोजित किया। इस बार 12 नवंबर मंगलवार को देवउठनी एकादशी के अवसर पर पुरानी टोकनी, सुपा, झवहा को एकत्रित कर बैगा ग्रुप ने अपने नियमित बैठक स्थल मानव मंदिर चौक सिनेमा लाईन मार्ग पर कल रात्रि में भूर्री प्रज्ज्वलित कर आने वाली ऋतु के आगमन का स्वागत किया। वहीं इस अवसर पर एक दूसरे को तुलसी विवाह व देवउठनी एकादसी की बधाई व शुभकामनाएं दी। एकादशी पर आयोजित भुर्री प्रज्ज्वलन के अवसर पर लोक कलाकारों व संस्कृति को संजोए रखने वाले बैगा ग्रुप के राजेश मारु के मार्गदर्शन में एवं गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', रचनाकार हर्ष कुमार बिंदू, स्वरधारा के संयोजक विष्णु कश्यप, संगीतकार योगेश टुक्का, पंकज महेश्वरी, पंकज शर्मा, मनोज सेन के साथ ही अन्य सदस्यगण भी उपस्थित थे।

बस्तर ओलंपिक में वन भैंसा और पहाड़ी मैना बने आकर्षण के केंद्र, खिलाड़ियों में दिखा जोश

सुकमा। बस्तर ओलंपिक का आयोजन जिले के तीनों विकासखंडों में जोश और उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण इसके शुभांकर मस्कट वन भैंसा और पहाड़ी मैना हैं, जो बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर और अनोखे वन्य जीवन के प्रतीक हैं। इन शुभंकरों ने ना सिर्फ खिलाड़ियों बल्कि स्थानीय नागरिकों का भी ध्यान आकर्षित किया है। वन भैंसा एवं पहाड़ी मैना के साथ उत्साह से तस्वीरें खिंचवाई। इस आयोजन में वनांचल क्षेत्र से आए कई खिलाड़ी और नागरिक अपनी प्रतिभा दिखाने पहुंच रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के पहल पर बस्तर संभाग में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना, खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर उनके विकास का मार्ग प्रशस्त करना है। इसी क्रम में जिले के अंतर्गत कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में यह आयोजन सुकमा, छिन्दगढ़, और कोण्टा विकासखंडों में आयोजन किया जा रहा है। विकासखंड सुकमा के गादीरास, चिंगावरम, डोडपाल, मारोकी, कोर्रा, पोरदेम, गुफ्डी, गोंदपल्ली, गोण्डेरास, विकासखंड छिन्दगढ़ के पुसपाल, किन्दराडा, चितलनार, कोडरीपाल, मेखावाया, तालनार, ओलेर, किकिरपाल, नेतानार, गुम्मा, कोडरीपाल-2, कवासीरास, सौतनार और विकासखंड कोण्टा अंतर्गत मरईगुड़ा, किस्टारम, गोलापल्ली, गंगलेर. पालाचलमा, पोटकपल्ली, करीगुडम ग्रामीणों ने विकासखण्ड मुख्यालयों में कबड्डी, बॉलीबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स, लंबी कूद, ऊंची कूद, रस्साकसी (महिला), बैडमिंटन, कराटे, फुटबॉल, तावा फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक और तीरंदाजी जैसे खेल विधा में शामिल होकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

जिला खेल अधिकारी वीरूपाक्ष पौराणिक ने कहा कि बस्तर ओलंपिक खेलों के आयोजन से जिले के युवा वर्ग और महिलाओं में खेलों के प्रति एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है, और ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों की संस्कृति को मजबूत करने का भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करते हैं, साथ ही यह उन्हें जीवन में अनुशासन और टीमवर्क की भी महत्वपूर्ण सीख देते हैं।

प्रीपेड बूथ से तय होगा ऑटो रिक्शा का किराया: कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो एवं शासकीय योजनाओं के कार्य प्रगति समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने एवं समय सीमा के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी सहित अन्य सभी अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने आमजनों को ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा अधिक और मनमाना किराया लेने की समस्या से निजात दिलाने हेतु आने वाले दिनों में रेलवे स्टेशन में ऑटो प्रीपेड बूथ स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। शहर में ऑटो रिक्शा में सफर करने वाले यात्रियों का किराया दूरी के निर्धारित दर से तय हो इस हेतु प्रीपेड बूथ में दूरी एवं लगने वाले दर की सूची प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने इसके लिए ऑटो रिक्शा संघ के पदाधिकारियों की बैठक लेने एवं एक मानक दर सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही प्रतिवर्ष मानक दर निर्धारण हेतु समिति का गठन कर निश्चित समय अंतराल में उसकी बैठक आयोजित करने के लिए कहा। जिससे ऑटो चालको को नुकसान ना हो। उन्होंने इस कार्य के लिए नगर निगम, राजस्व विभाग, पुलिस व आरटीओ विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यह जिले के लिए एक नई पहल है। इससे लोगों को फायदा होगा। इस हेतु सम्बंधित अधिकारी योजना के क्रियान्वयन के लिए गम्भीरता से प्रयास करें।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने 14 नवम्बर से प्रारंभ होने वाले धान खरीदी हेतु सभी सहकारी समितियों में आवश्यक सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि समिति में धान बेचने आए किसानो को अनावश्यक किसी प्रकार की परेशानी नही होना चाहिए। सभी केंद्रों में बारदाने का पर्याप्त भंडारण हो सभी नोडल अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। जिले में अवैध धान के परिवहन पर रोक लगाने हेतु सूचना तंत्र को सक्रिय करने एवं बिचैलियों पर पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील धान खरीदी केंद्र में सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में नए लघु वनोपज समिति की गठन हेतु आवश्यकता वाले क्षेत्रों में सर्वे कराकर समिति का गठन कराने के लिए कहा। उन्होंने शहर के दिव्यांग विद्यालय व वृद्धाश्रम के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि दिसम्बर माह से दोनों संस्थाओं का संचालन प्रारम्भ किया जाएगा।

उन्होंने जिले के ग्रामीण औद्योगिक पार्क में लगाए गए उपकरणों की सुरक्षा पर भी निगरानी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि रीपा में लगे मशीनों की देख रेख व सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत व स्व सहायता समूह की है। इस हेतु पंचायत स्तर पर ही मशीनों की रख रखाव की व्यवस्था सुनिश्चित हो। अधिकारी इसका ध्यान रखें।

कलेक्टर ने जिले में प्रधानमंत्री जनमन आवास निर्माण स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी निर्माणरत आवासों को जनपद सीईओ के सुपरविजन में तेजी से पूरा कराने के लिए कहा। साथ ही एसडीएम को निर्माण कार्य नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के उपस्वास्थ्य केंद्रों और छात्रावासों में बिजली की समस्या दूर करने के लिए सोलर लाइट लगाने के निर्देश क्रेडा को दिए। उन्होंने सीएसपीडीसीएल कटघोरा को क्षेत्र के विद्युत विहीन बसाहटों, मजरा टोलों में विद्युत पहुंचाने के लिए शीघ्रता से सर्वे पूर्ण कराने के लिए कहा।

जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कल

श्रीकंचनपथ न्यूज

सुकमा। भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 'जनजातीय गौरव दिवस' के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी एक दिवसीय गौरव दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने 15 नवम्बर 2024 को जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस आयोजन की तैयारी के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संबंधित विभागों के संफ्लतापूर्वक आयोजन के लिए विभागों के अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागों को स्टॉल लगाकर लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन पूरे छत्?तीगसढ़ में किया जाएगा। इसके साथ ही सभी जिला मुख?यालयों में भी कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके लिए राज्?य सरकार ने अतिथियों की सूची जारी कर दी है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय के स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केन्द्र परिसर में होने वाले जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के लिए दंतेवाड़ा विधायक चौतराम अटामी मुख्य अतिथि होंगे।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में
कार्य करने हेतु
लड़को की
आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट,
फ्राक, फैंसी सलवार सूट
एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स,
गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts ● Toys ● Cosmetics
Perfumes ● Sia Jewellery
Beside Parakh
Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास खबर

रायपुर के कारोबारी से दिल्ली में ठगी, वाट्सएप में दोस्त की डीपी लगाकर मांगी थी मदद

रायपुर। राजधानी रायपुर के एक कारोबारी से दिल्ली में 5 लाख रुपए की ठगी हो गई है। कारोबारी के पास एक व्हाट्सएप कॉल आया जिसमें उसके दोस्त की फोटो लगी हुई थी। कॉलर ने दिल्ली में जरूरी काम के बहाने मदद के लिए 5 लाख रुपए मांगे। तो कारोबारी ने चांदनी चौक के पास एक परिचित से व्यक्ति को कैश दिलवा दिए। बाद में जब दोस्त से पैसे वापस मांगे तब पूरे मामले का खुलासा हुआ।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रहने वाले सन्नी जुमनानी ने थाने में शिकायत दी। इसमें उन्होंने बताया कि वह सोलर पैनल का काम करते हैं। पुनीत पारवानी उसके भाई बंटी का दोस्त है। 8 नवंबर को बंटी के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल में पुनीत परवानी की डीपी लगी हुई थी। कॉलर ने खुद को पुनीत पारवानी बताते हुए दिल्ली में जरूरी काम के लिए 5 लाख रुपए मांगे।

इसके बाद सनी ने अपने एक दिल्ली के दोस्त से संपर्क कर 5 लाख रुपए पुनीत को देने की बात कही। सनी के दोस्त ने चांदनी चौक के पास 5 लाख रुपए नकद एक व्यक्ति को दे दिया। दो-तीन दिनों बाद जब सनी ने पुनीत से पैसे वापस मांगे तो पुनीत ने कहा कि उसे कोई भी पैसे नहीं मिले हैं। इसके बाद धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। किसी ने फेक डीपी लगाकर पैसे वसूल कर लिए। सिविल लाइन पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

हैवानियत : सैक्स करने से मना करने पर पत्नी की हत्या

प्राइवेट पार्ट में डाल दिया बांस कोरिया जिले के पटना थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस की गिरफ्त में हैवान पति

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरिया। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में पति ने शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करने पर पत्नी की हत्या कर दी। पहले सिर पर लोहे के हथियार से वार किया, फिर पत्नी के प्राइवेट पार्ट में बांस का डंडा डाल दिया। इसके बाद आरोपी ने साड़ी से उसका गला घोंट दिया। पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शक भी करता था और शराब पीकर आए दिन विवाद करता था। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी पति को को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना जिले के पटना थाना क्षेत्र की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के पटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत हथवर गांव की घटना है। यहां रहने वाली सुनीता सिंह (26) की उसके पति ने बेरहमी से हत्या कर दी। सुनीता के भाई के मौत की खबर पुलिस को दी। सुनीता की लाश खाट में पड़ी था, उसके सिर से खून निकला हुआ था। हत्या के बाद सुनीता का पति विशाल सिंह घर से फरार हो गया था। विशाल ने ही सुनीता की मौत की सूचना उसके भाई को दी थी। इसके बाद आनन फानन में उसका भाई पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

गांव में ही छिपा था आरोपी पति

परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि विशाल सिंह शराब पीकर हमेशा अपनी पत्नी सुनीता से विवाद करता था। पुलिस ने फरार विशाल सिंह की खोजबीन की वह गांव में ही छिपा हुआ था जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। विशाल और सुनीता की शादी साल 2011 में हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। उनकी बेटी छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही थी और छोटा बेटा अपने माता-पिता के साथ रहता था। पत्नी की हत्या और पति की गिरफ्तारी के बाद बच्चों को रिश्तेदारों को सौंपा गया है। घटना के दौरान विशाल सिंह नशे की हालत में था और पत्नी की हत्या के बाद रात को घर में ही रहा। सुबह उसने सुनीता सिंह की मौत की सूचना मायके पक्ष को दी और भाग निकला। पुलिस ने आरोपी विशाल सिंह (35 साल) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ धारा 103(1), 238 बीएनएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

पत्नी के चरित्र पर करता था शक

आरोपी विशाल सिंह ने बताया कि वह अपनी पत्नि के चरित्र शंका करता था। उसका कहना है कि उसकी पत्नी उससे मिलने नहीं आती थी। अपनी पत्नी को बार-बार मिलने के बोलता था। जिससे वह गुस्से में लड़ाई-झगड़ा करती थी। विशाल सिंह ने बताया कि उसने पत्नी से शारीरिक संबंध बनाने कहा तो उसने मना कर दिया। रात्रि करीब 11 बजे के आसपास पत्नी सुनिता के पहने हुए साड़ी से ही उसका गला दबा दिया और पास में ही पड़े लोहे के फाईल (रैती) से उसके मांथे पर वार कर दिया जिससे सिर में चोट लगने की वजह से वह बेहोश हो गई। आरोपी ने पास पड़े एक बांस के डण्डे को उसके इंटरनल पार्ट में डाल दिया जिससे सुनिता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या के मामले में आरोपी विशाल सिंह आ. स्व. धर्मसाय, उम्र 35 साल, महादेव पारा थाना पटना जिला कोरिया के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

शादी का झांसा देकर नाबालिक को भगा ले जाने वाला महाराष्ट्र से गिरफ्तार

राजनांदगांव (ए.)। जिले की थाना गैंदाटोला पुलिस ने नाबालिक पीड़िता को बहला-फुसलाकर ले जाकर उसके साथ शादी करने का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है तथा नाबालिग को सकुशल बरामद किया है।

मिली जाानकारी के अनुसार प्रार्थी ने 28 अगस्त 2024 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात आरोपी बहला फुसला कर अपने साथ भागा कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना गैंदाटोला द्वारा पूर्व में धारा - 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अपहृता व अज्ञात आरोपी का पतासाजी एवं विवेचना की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग द्वारा आपरेशन मुस्कान के तहत प्रकरण के अपहृता व अज्ञात आरोपी का पातासाजी करने एवं अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया था। पुलिस ने अपहृता को आरोपी शिवाराम पटेल पिता रमेश पटेल उम्र 26 निवासी ग्राम मिनमिनिया थाना बोड़ला जिला कबीरधाम (छग) के कब्जे से उरली कंचन पुणे, महाराष्ट्र से 11 नवंबर 2024 को बरामद कर परिजन के साथ थाना लाया गया था।

राजद्रोह मामले में जीपी सिंह को बड़ी राहत, आईपीएस के खिलाफ दर्ज सभी मुकदमें रद्द

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। राजद्रोह, ब्लैकमेलिंग और आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंसे आईपीएस जीपी सिंह को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने जीपी सिंह के खिलाफ दर्ज तीनों मामलों की एफआईआर प्रोसिडिंग्स को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट के चीफजस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की बेंच ने जीपी सिंह की याचिका पर यह फैसला सुनाया है।

बता दें कि जीपी सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज सभी मामलों को रद्द करने की मांग की थी। अपनी

याचिका में उन्होंने कहा था कि तत्कालीन सरकार ने उन्हें राजनीतिक षड़यंत्र के तहत फंसाया था। उनके खिलाफ किसी भी मामले में कोई भी साक्ष्य नहीं है। कोर्ट ने भी माना कि उन्हें परेशान करने के लिए झूठे मामले में फंसाया गया है। उनके खिलाफकिसी भी मामले में कोई भी ठोस सबूत नहीं है। लिहाजा सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने जीपी सिंह के खिलाफदर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है।

बता दें कि बीते एक जुलाई 2021 की सुबह एसीबी (ACB) और ईओडब्ल्यू (EOW) की टीम ने जीपी सिंह और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई की थी। लंबे अंतराल तक चली कार्रवाई के बाद 10 करोड़ की चल अचल संपत्ति का भी खुलासा किया गया था। छापे के दौरान एसीबी (ACB) और ईओडब्ल्यू की टीम ने कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद होने का दावा किया था।

इन बरामद दस्तावेजों के आधार पर रायपुर पुलिस ने आईपीसी जीपी सिंह के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया था। इसके साथ ही उन पर भ्रष्टाचार से जुड़े हुए अपराध भी दर्ज किए गए थे। इन आरोपों के तहत जीपी सिंह को जेल भी जाना पड़ा था। बाद में उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। इसके अलावा एक अन्य मामले में साल 2015 में दुर्ग निवासी कमल सेन और बिल्डर सिंघानिया के बीच व्यावसायिक लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। सिंघानिया ने कमल सेन के खिलाफ केस दर्ज करा दिया। आरोप है कि इस मामले में जीपी सिंह ने कमल सेन से 20 लाख रुपये वसूले थे। इसके साथ ही आईपीएस अफसर पर धमकाने का भी आरोप लगाया गया था।

बेकाबू स्कॉर्पियो ने बाइक-स्कूटी सहित ठेले को मारी जोरदार टक्कर, एक की मौत व छह घायल, भीड़ ने गाड़ी में लगाई आग

अंबिकापुर (ए.)। अंबिकापुर-दरिमा मार्ग पर ग्राम कंठी में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो बाइक व स्कूटी तथा एक ठेले को टक्कर मार दी। इस दौरान उसने सात लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। इधर हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने स्कॉर्पियो में आग लगा दी। थोड़ी ही देर में स्कॉर्पियो पूरी तरह जलकर खाक हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां दो लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

दुर्घटना
पुलिस POLICE पुलिस POLICE

जानकारी के अनुसार, बुधवार की देर शाम करीब सात बजे काले रंग की स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 15 ईई- 7300 दरिमा की ओर से तेज रफ्तार से अंबिकापुर की ओर आ रही थी। इसी बीच स्कॉर्पियो ने ग्राम कंठी मुख्य मार्ग पर दो बाइक व स्कूटी सवारों तथा सड़क किनारे लगे एक ठेले को टक्कर मार दी। उसने मेडिकल दुकान जा रहे एक युवक को भी चपेट में ले लिया। हादसे में ग्राम करजी निवासी रमेश प्रजापति (35) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए।

स्कॉर्पियो की तेज रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह सड़क छोड़ एक घर में घुस गई। हादसे के बाद काफी संख्या में जुटी लोगों की भीड़ का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने स्कॉर्पियो को आग के हवाले कर दिया। थोड़ी ही देर में स्कॉर्पियो पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। कुछ देर के लिए मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। हादसे की सूचना मिलते ही दरिमा थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों व मृतक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। यहां छह घायलों का इलाज जारी है। इधर पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को समझाइश देकर सड़क से हटाया तथा आवागमन शुरु कराया।

बीएसपी में फिर हादसा, ब्लास्ट फर्नेस-6 में गैस रिसाव, 3 की हालात गंभीर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दुर्ग जिले के भिलाई स्टील प्लांट में फिर एक बार हादसा होने की खबर है। बताया जा रहा है कि प्लांट के धमन भट्टी 6 में गैस रिसाव हुई है। जिससे 3 मजदूर गंभीर रूप से घाायल हो गये है। तीनों घायलों को उपचार के लिए सेक्टर 9 अस्पताल भर्ती किया गया है जिनमें से एक मजदूर की हालत गंभीर है।

मिली जानकारी के अनुसार भिलाई स्थित भिलाई स्टील प्लांट में बुधवार को ब्लास्ट फर्नेश में गैस रिसाव हुआ है जिसकी चपेट में आकर तीन मजदूर घायल हो गये है। तथा सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद सभी को तत्काल सेल के सेक्टर 9 हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बीएसपी का ब्लास्ट फर्नेश-6 में कैपिटल रिपेयर चल रहा था और इसको चालू करने के पहले ही फर्नेश का स्टोव हिट हो गया और स्टोर नंबर 18 में गैस रिसाव होने लगा जिससे तीन मजदूर मोहम्मद मेराज ,हरि चरण और मोहनलाल गुप्ता बुरी तरह से घायल हो गए । घायलों को प्रारंभिक उपचार देने के बाद तत्काल सेल के सैक्टर 9 के आईसीयू में एडमिट कराया गया है जहां सभी का इलाज जारी है। यह भी बताया जा रहा है कि मजदूर ठेकेदार द्वारा बिना किसी सुरक्षा उपकरणो के मजदूरों से काम करवाया जा रहा था। फिलहाल इस मामले की जांच की जा रही है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202411101000043

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व

सन:-2024-2025

खर्सीपार प.ह.न. 00047 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण- आवेदक

पक्षकार-मुनाकी देवी,

अनावेदक पक्षकार-

:: ईश्तहार ::

आवेदक - मुनाकी देवी पिता/पति/विभाग-स्व. परमहंस प्रसाद पता-खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने पुत्री/पुत्र विनोद कुमार का जन्म दिनांक 15/03/1983 को खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग में होने से जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र के समर्थन में अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया है। 02 प्रकरण दर्ज हो! 03 इश्तहार का प्रकाशन हो! 04 दो गवाह का कथन अंकित किया जावें!

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.11.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/11/2024 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
उप तहसील, भिलाई नगर (छ.ग.)

तंत्र-मंत्र जादू टोना कर गुप्त धन निकालने वाले गिरोह के फरार आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (ए.)। तंत्र मंत्र जादू टोना कर गुप्त धन निकालने के नाम पर ग्राम पंचायत मरोड़ा के सरपंच से सात लाख रूपये की ठगी करने के मामले में फरार पांच आरोपियों को पुलिस ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर से गिंरफ्तार कर लिया है। मामले में दो आरोपी पहले की गिरफ्तार किये गये है।

बता दें कि लक्ष्मण मंडावी सरपंच ग्राम पंचायत मरोड़ा के घर 1 वर्ष पूर्व महाराष्ट्र के कुछ लोग आए और उन्हें बोले कि उनके घर में सोना आदि गुप्त धन गड़ा हुआ है जिसे वे लोग तंत्र मंत्र व दिव्य शक्ति के माध्यम से निकाल सकते है और यदि गड़ा हुआ पुराना धन नहीं निकालोगे तो आपके घर में आकस्मिक मृत्यु होगी। गड़ा धन निकालने के लिए तंत्र मंत्र जादू टोना करने के नाम पर 7 आरोपियों परवीन सेगर,अरविंद सेगर, बंडू शिंदे,युवराज शिंदे,हीरालाल जगताब, रामकृष्ण झाड़ेकर,साहेबराव सेगर सभी निवासी जिला यवतमाल महाराष्ट्र ने प्रार्थी लक्ष्मण मंडावी से 7 लाख रुपए की ठगी की । प्रार्थी लक्ष्मण मंडावी की रिपोर्ट पर थाना बांदे में धारा 448,420,147 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर आरोपियों की पतासजी की जा रही थी। पूर्व में बांदे पुलिस टीम मामले के दो आरोपियों बंडू शिंदे और हीरालाल जगताब को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया था जबकि 5 आरोपी फरार चल रहे थे जिनकी पतासाजी की जा रही थी।

मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आई के एलेसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर डा प्रशांत शुक्ला ,पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर रवि कुजूर ,थाना प्रभारी बांदे जितेंद्र साहू के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना बांदे से टीम महाराष्ट्र भेजी गई थी। जिन्होंने चंद्रपुर महाराष्ट्र से 13 नवंबर 2024 को शेष 5 फरार आरोपी साहेबराव सेगर,परवीन सेगर,अरविंद सेगर,युवराज शिंदे और रामकृष्ण झाड़ेकर की गिरफ्तारी कर न्यायिक रिमांड में पेश किया। आरोपियों से तंत्र मंत्र के साहित्य, ज्योतिष की किताबें, पंचांग,ताबीज, अंगूठी, नग पत्थर,कुकर और हारमोनियम बनाने का सामान ,पूजा पाठ की सामग्री आदि वस्तुएं बरामद की गई है।

सर्जिकल ब्लेड से जानलेवा हमला,आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (ए.)। आपसी विवाद पर जान मारने की नीयत से एक युवक पर सर्जिकल ब्लेड से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला डोंगरगांव थानाक्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार 3 नवंबर को प्रार्थी भागवत निषाद पिता समारू निषाद, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम रातापायली के द्वारा डोंगरगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके बेटे के साथ कुछ लोगों ने गाली गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी देकर सर्जिकल ब्लेड से हमला किया है। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव मे आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया।

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
जय स्तंभ चौक बेमेतरा
दूरभाष क्र. 07824-222019, फैक्स क्र. 07824-222018
Email:-ee.bemetara@gov.in

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित टेन्ट शामियाना हेतु दर आमंत्रण सूचना दिनांक 04.11.2024 को निरस्त कर दिनांक 10.10.2024 को यथावत किया जाता है।

G-242503749/4

कार्यपालन अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग बेमेतरा
संभाग बेमेतरा

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार
बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

जनजातीय गौरव यात्रा से मिली युवाओं और समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा : केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया

जनजातीय समाज को विकास से जोड़कर गौरव बढ़ा रहे प्रधानमंत्री मोदी : मुख्यमंत्री साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती से दो दिन पूर्व उनके स्मृति में जशपुर में आयोजित जनजातीय गौरव यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय श्रम, युवा एवं रोजगार मामले तथा खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के मंत्रीगण शामिल हुए। स्थानीय रणजीता स्टेडियम में यात्रा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि मांडविया ने माई भारत वॉलिंटियर्स द्वारा आयोजित इस यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि यात्रा में शामिल होकर यहाँ की आदिवासी संस्कृति, विरासत, यहाँ की रहन-सहन, वेशभूषा को देखने और जानने का अवसर मिला। इस यात्रा से युवाओं को एकजुट होने और समाज को देश के प्रति जागरूक बनाते हुए उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी से प्रेरणा लेकर समाज आगे बढ़े और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत बनाने के संकल्प से जुड़कर देश को विकास के साथ जुड़कर काम करें।

केंद्रीय मंत्री श्री मंडाविया ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत के विकास के लिए जो योजनाएं बनाई है, उसमें आप सभी को जुड़ना है। माई भारत एप्लिकेशन में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन भी कराना है। केंद्रीय मंत्री श्री मंडाविया ने कहा कि सुबह से पदयात्रा करते हुए यहाँ के लोक जीवन का परिचय हुआ। जनजाति समाज सहित अन्य समाज के लोग भी इसमें शामिल नजर आए और जगह-जगह अलग-अलग तरीके से स्वागत, अभिनन्दन करते रहे। जगह-जगह स्टॉल लगाकर पानी पिलाना, फल सहित अन्य खाद्य सामग्री बाटना और यात्रा में शामिल सभी लोगों को प्रोत्साहित करते हुए देखकर खुशी हुई। इस यात्रा के दौरान मैंने भी कुछ लोगों से बात की। मुझे देश का उज्वल भविष्य नजर आया। मैं जान पाया कि हमारा देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जनजातीय गौरव यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार भी जताया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आदिवासियों का गौरव लगातार बढ़ रहा है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती 15 नवंबर को आज पूरे देश में आदिवासी स्वाभिमान और गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। सर्वोच्च पद पर आज आदिवासी समाज की महिला द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति के रूप में सुशोभित हैं। अति पिछड़े आदिवासियों के विकास को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्च प्राथमिकता दी है। पीएम जनमन योजना से जनजातीय समुदाय की तस्वीर बदल रही है। धरती आबा आदिवासी ग्राम उत्कर्ष योजना लॉन्च की गई है और इसके लिए 80 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई को भी याद किया।

जनजातीय क्षेत्रों के विकास की रणनीति तय की

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। हमने जनजातीय क्षेत्रों के विकास की रणनीति तय की है। हमारी सरकार जनजातीय समाज के प्राचीन गौरव और वैभव को वापस पाने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। लोकतंत्र की जड़ें दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंच रही हैं। अंदरूनी गांवों में भी नियद नेल्ला नार योजना के तहत सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार जैसी मूलभूत अधोसंरचनाएं पहुंच रही हैं। हमने विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण का संकल्प लिया है। सभी की सहभागिता से इस लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। जनजातीय समुदायों की अधिक से अधिक सहभागिता इस कार्य में सुनिश्चित की जाएगी।

आदिवासियों की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने भारत सरकार में पृथक आदिवासी विकास मंत्रालय का गठन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजधानी रायपुर में 14 और 15 नवंबर को देश भर के आदिवासियों की संस्कृतियों का प्रदर्शन होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने माटी के वीर पदयात्रा समारोह में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पदयात्रा बेहद सफल रही। उम्मीद से ज्यादा युवा पदयात्रा में शामिल हुए। लोगों को आदिवासी संस्कृति और जनजीवन को निकट से देखने का मौका मिला। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जय, जयकार से पूरा स्टेडियम गुंज उठा।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जब-जब संस्कृति पर हमला हुआ है, जनजातीय समाज ने इसका तीव्र प्रतिकार किया है। जनजातीय संस्कृति प्रकृति से प्रेम करने की संस्कृति है। यह संस्कृति सौहार्द्र, शांति और सद्भाव की संस्कृति है। कलाओं से प्रेम करने वाली यह संस्कृति हमारी जनजातीय सनातन संस्कृति का उद्गम है। जनजातीय संस्कृति को बचाने की चिंता सनातन संस्कृति को बचाने की चिंता ही है। जनजातीय संस्कृति का गौरवगान सनातन संस्कृति का गौरवगान ही है।

केन्द्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने माटी के वीर पदयात्रा का किया भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और पीएम जनमन अभियान जनजातीय समुदायों के कल्याण के लिए संचालित की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय समुदायों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए एकलव्य विद्यालयों तथा आय में बढ़ोतरी के लिए वन-धन योजना प्रारंभ किया। आयुष्मान भारत योजना में जनजातीय समुदायों के लिए मुफ्त इलाज की सुविधा शुरू की गई है।

माटी के वीर पदयात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में धरती के आबा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन वृत्त पर आधारित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में खेलकूद सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले जनजातीय युवाओं तथा माई भारत से जुड़े वॉलेंटियर को सम्मानित किया गया। मुंडा समाज के अध्यक्ष शंकर राम बारला ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। माटी के वीर पदयात्रा कार्यक्रम के शुभारंभ स्थल पुरना नगर मैदान में जनजातीय नायकों के जीवन गाथा, जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित भव्य प्रदर्शनी लगाई गई।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अन्याय के खिलाफ अंग्रेजों से लोहा लिया। लोगों को उनका हक दिलाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। युवाओं को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेकर देश को विकसित बनाने के अभियान सहभागी बनना चाहिए। आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने भी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज की पदयात्रा में 15 हजार से अधिक नौजवान शामिल हुए। सभी शुरू से अंत तक पैदल चलकर एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को गौरव दिवस के रूप में स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने पीएम जनमन सहित धरती आबा उत्कर्ष योजना से आ रहे बदलाव के बारे में बताया। वित्त मंत्री एवं जशपुर जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने समारोह के अंत में आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद राधेश्याम राठिया एवं चिंतामणी महराज, विधायक गोमती साय, श्रीमती रायमुनि भगत, राम कुमार टोप्पो, सुशांत शुक्ला, राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रियम्बदा सिंह जूदेव सहित प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, रणविजय सिंह जूदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में युवा और नागरिकगण उपस्थित थे।

बस्तर ओलंपिक ने वनांचल के युवाओं को दिया नया मंच, खेलों में बढ़ा उत्साह

श्रीकंचनपथ न्यूज

मुख्यमंत्री की पहल से अबूझमाड़ में आया सकारात्मक बदलाव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा और आधारभूत सुविधाओं में लगातार सुधार हो रहा है। इस क्षेत्र में माओवादी घटनाओं में कमी आई है और लोगों का जीवन स्तर भी बेहतर हो रहा है। अबूझमाड़ के संवेदनशील इलाकों में सड़क, बिजली, पानी, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल और उप-स्वास्थ्य केंद्र जैसी बुनियादी सुविधाएं स्थापित की जा रही हैं। ईरकभट्टी, मसपुर और गारपा जैसे दूरस्थ गांवों तक अब पक्की सड़कें बन चुकी हैं, जिससे इन गांवों के निवासियों को शहरों और बाजारों से जोड़ने में आसानी हो रही है। नारायणपुर से गारपा और मसपुर तक बस सेवाओं की शुरुआत भी इस क्षेत्र के विकास में एक अहम कदम है, जिससे लोगों को यातायात में सहूलियत मिल रही है।

रायपुर। जनजातीय बाहुल्य और माओवाद प्रभावित बस्तर संभाग में खेल के माध्यम से विकास और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बस्तर ओलंपिक-2024 का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है, जिसमें सुदूर गांवों से आए युवा अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस पहल को जनजातीय संस्कृति और पारंपरिक खेलों के संरक्षण के साथ ही, युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया है।

नारायणपुर जिले में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 16 नवंबर तक किया जा रहा है, जिसमें नारायणपुर विकासखंड हेतु प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 11 नवंबर तक नारायणपुर के परेड ग्राउंड और खेल परिसर में किया गया, जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ओरछा विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर तक, फिर 19 से 21 नवंबर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों को भाग लेने को मौका मिलेगा। नारायणपुर में हुए आयोजन में बोरावण्ड गांव से आए युवाओं ने बताया कि उन्हें इस कार्यक्रम में भाग लेकर अत्यधिक आनंद मिल रहा है। खिलाड़ियों ने बताया कि यहां उन्हें ठहरने, भोजन, पेयजल और ड्रेस जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बोरावण्ड के खिलाड़ी जयसिंह, रजनु यादव, अमर सिंह मंडावी, सियालाल नाग और उनके साथी बस्तर ओलंपिक में अपने खेल को निखारने के इस अवसर के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ के सुदूर पहुंचविहीन गांव के प्रतिभावान युवाओं के खेल प्रतिभा को निखारने के लिए यह उनकी सराहनीय पहल है। उन्होंने बताया कि कबड्डी पुरुष वर्ग में उनकी टीम ने विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए उन्हें ट्रॉफी, मेडल और टीम को ड्रेस प्रदान किया गया। जिला स्तर के आगामी आयोजन के लिए उनकी टीम अत्यधिक उत्साहित है और श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री श्री साय के कुशल नेतृत्व और विकासोन्मुख नीतियों का सकारात्मक असर अबूझमाड़ के जनजीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सुरक्षा में वृद्धि, सड़क संपर्क, और विभिन्न सुविधाओं की उपलब्धता ने यहां के निवासियों को राजधानी और अन्य शहरी क्षेत्रों से जोड़ने का कार्य किया है। अबूझमाड़ के लोग अब अपने गांवों में रहते हुए भी बेहतर अवसर प्राप्त कर रहे हैं और विकास की मुख्यधारा में सम्मिलित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय का मानना है कि ऐसे आयोजन न केवल युवाओं को खेल के माध्यम से एक मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक और मानसिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। उनके नेतृत्व में बस्तर संभाग में खेल प्रतिभा के विकास और युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव का यह प्रयास प्रशंसनीय है।

राजधानी में दो दिनों तक बिखरेगी आदिवासी लोक नृत्यों की छटा

जनजाति गौरव दिवस पर पूर्वोत्तर राज्यों के कलाकार अपनी संस्कृति की दिखाएंगे झलक

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दो दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस के भव्य आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के साथ पूर्वोत्तर राज्यों के कलाकार भी अपनी संस्कृति की झलक बिखेरेंगे। 14-15 नवम्बर को आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देने पूर्वोत्तर भारत के पांच राज्यों मेघालय, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के कलाकार रायपुर पहुंच चुके हैं। रायपुर रेलवे स्टेशन पर कलाकारों का पुष्पाहार और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पूर्वोत्तर राज्यों से आए ये कलाकार वांगला-रुंगला, रेट-किनॉन्ग, गेह पदम ए ना-न्यी ई, सोलकिया जैसे लोक नृत्यों की प्रस्तुति से अपनी संस्कृति के विविध रंग बिखेरेंगे।

जनजातीय गौरव दिवस पर प्रस्तुति देने मेघालय से 20 सदस्यों की टीम रायपुर आई है। यह दल गारो जनजाति द्वारा फसल कटाई के बाद किया जाने वाला वांगला-रुंगला लोक नृत्य प्रस्तुत करेगी। इसके कलाकार मेघालय की राजधानी शिलांग से करीब 200 किलोमीटर दूर नॉर्थ कर्व हिल्स (North Curve Hills) से आए हैं। दल का नेतृत्व कर रहे श्री मानसेन मोमिन ने बताया कि वांगला गारो जनजाति का लोकप्रिय त्योहार है। यह जनजाति कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। फसल कटाई के बाद उर्वरता (Fertility) के देवता मिसी सालजोंग को धन्यवाद देने के लिए वे यह नृत्य करते हैं। वे फसल उपलब्ध कराने के लिए भगवान को धन्यवाद देते हैं, उनकी पूजा कर नाच-गाकर प्रार्थना करते हैं और नई फसल का भोग लगाते हैं। देवता मिसी सालजोंग को धन्यवाद देने से पहले किसी भी कृषि उत्पाद का उपयोग नहीं किया जाता है।

वांगला-रुंगला आदिवासी लोक नृत्य में महिला और पुरुष दोनों हिस्सेदारी करते हैं। पुरुष नर्तक अपना परंपरागत ढोल लेकर नृत्य करते हैं जिसे दामा कहा जाता है। वांगला-रुंगला लोक नृत्य में नर्तकों का नेतृत्व करने वाले को ग्रिकगिपा या तोरेगिपा कहा जाता है। इसमें महिलाएं संगीत की धुन पर अपने हाथ हिलाती हैं, जबकि पुरुष अपने परंपरागत ढोल को बजाकर नृत्य करते हैं।

मिजोरम की राजधानी आईजोल से रायपुर पहुंची लोक नृत्य दल यहां सोलकिया नृत्य की प्रस्तुति देगी। इसके 20 सदस्यों के दल में 11 पुरूष और नौ महिलाएं शामिल हैं। यह नृत्य मुख्यतः मिजोरम की मारा जनजाति द्वारा किया जाता है। 'सोलकिया' का अर्थ दुश्मन के कटे हुए सिर से है। सोलकिया नृत्य मूल रूप से दुश्मनों पर जीत का जश्न मनाने के लिए किया जाता था। खासकर उस मौके पर जब विजेता द्वारा दुश्मन का सिर ट्रॉफी के रूप में घर लाया जाता था। लेकिन अब यह सभी महत्वपूर्ण अवसरों पर मिजो समुदायों के पुरुषों और महिलाओं द्वारा किया जाता है।

मिजोरम के कलाकारों के दल का नेतृत्व कर रहे जोथमजामा ने बताया कि सोलकिया नृत्य की शुरुआत पिवी और लाखेर समुदायों द्वारा की गई थी। इस लोक नृत्य के साथ आने वाला स्वर संगीत गायन की तुलना में मंत्रोच्चार के अधिक निकट है। ताल संगीत एक जोड़ी घड़ियों द्वारा प्रदान किया जाता है, जो एक दूसरे से बड़े होते हैं, जिन्हें डार्कहुआंग कहा जाता है। संगीत को बेहतर बनाने के लिए कई जोड़ी झांझ भी बजाए जाते हैं।

श्री जोथमजामा ने इस नृत्य को करने वाली मारा जनजाति के बारे में बताया कि यह एक कुकी जनजाति है जो मिजोरम की लुशाई पहाड़ियों और म्यांमार की चिन पहाड़ियों में रहती है। इन्हें लाखेर, शेंदु, मारिंग, जु, त्लोसाई और खोंगज़ई नामों से भी जाना जाता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950